हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 29.5 डिग्री


13 शहर में महिलाओं के लिए 4 स्थानों पर पिंक...


14 करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली...

# अस्पतालों में मरीज ज्यादा, जांच करने वाले कम, नतीजा रेडियोलॉजी टेस्ट की लंबी वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बीमारी के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में आने वाले मरीजों को रेडियोलॉजी से संबंधित जांच के लिए लंबी वेटिंग मिल रही है, जिसके कारण उनके इलाज में देर हो रही है। इसकी मुख्य वजह अस्पतालों में रेडियोग्राफर सहित विभिन्न तकनीशियनों की कमी है। राज्य के मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल 55 और स्वास्थ्य संचालनालय से संबंधित हेल्थ सेंटर सवा सौ रेडियोग्राफर के भरोसे चल रहे हैं।

- मेडिकल कालेजों में लगभग 55, जिला अस्पताल, हेल्थ सेंटर सवा सौ के भरोसे

हरिभूमि सरोकार

किसी भी अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों की बीमारी का पता लगाने के लिए सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्सरे, सोनोग्राफी जैसी रेडियोलॉजी जांच की आवश्यकता होती है। शासकीय अस्पतालों में इसकी सुविधा होती है, मगर मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। आंबेडकर अस्पताल में ही रोजाना करीब सौ मरीजों को सीटी स्कैन अथवा एमआरआई की आवश्यकता होती है, मगर मरीजों को इसके लिए सप्ताहभर तक इंतजार करना पड़ जाता है। इसी तरह डिजिटल एक्सरे, सोनोग्राफी के लिए भी मरीजों की रोजाना काफी भीड़ रहती है। मेकाहारा के साथ राज्य के अन्य चिकित्सा ▶▶शेष पेज 13 पर

### प्रत्येक ब्लाक में एक रेडियोग्राफर

सूत्रों के अनुसार रायपुर जिले सहित अन्य जिलों में वर्षों पहले संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रेडियोग्राफर का एक पद ही स्वीकृत किया गया था और अभी तक उसी के भरोसे काम चलाया जा रहा है। इसकी वजह से कई बार जांच केंद्रों में तालाबंदी की स्थिति बन जाती है। समस्याओं को देखते हुए सीएचसी स्तर पर चार, जिला अस्पताल में आठ एवं मेडिकल कालेजों में एक मशीन के पीछे एक रेडियोग्राफर की मांग उठ चुकी है।

### रेडियोग्राफर सहित तकनीशियनों को कमी, आधे मैनपॉवर के भरोसे जांच



### भर्ती प्रक्रिया पूरी कर रहे

टेक्निशियन सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जा चुके हैं।

**- श्याम बिहारी जायसवाल**
स्वास्थ्य मंत्री

### पद स्वीकृत मगर भर्ती नहीं

टेक्निशियन संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेश साहू के मुताबिक आंबेडकर अस्पताल के नाक कान गला विभाग में करोड़ों की मशीन टेक्निशियन के अभाव में डंप पड़ी है। जन्म के बाद श्रवण शक्ति की जांच करने वहां दर्जनभर मशीनें हैं, मगर एक भी टेक्नीशियन नहीं है। वर्ष 2009 से पद स्वीकृत हैं, मगर अब तक भर्ती नहीं हो पाई है। वहां जांच का काम बीएएसएलपी शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। इसकी वजह से मुख्यमंत्री बाल श्रवण योजना का भी बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल छात्र से चाकू की नोक पर लूट

**रायपुर।** राखी थाने में एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष के छात्र ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चाकू की नोक पर मारपीट कर एक्टिवा लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विवेक कुमार सुमेर ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। विवेक ने पुलिस को बताया कि वह रविवार तड़के अपने एक दोस्त के साथ एक्सप्रेस-वे के रास्ते नवा रायपुर सैर करने गया था। निमोरा ओवरब्रिज के पास अपने पास रखा पोहा खाने के लिए रुके तो एमपी 54, 52 सीरीज की दोपहिया पर तीन बदमाश उनके पास पहुंचे और उनसे वहां रुकने का कारण पूछा, फिर मारपीट कर चाकू की नोक पर उनकी एक्टिवा की चाबी छीनकर दोपहिया लेकर फरार हो गए।

### 12 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उत्तरप्रदेश के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो लाख 40 हजार रुपए कीमत का 12 किलो गांजा जब्त किया है। उत्तरप्रदेश बाराबांकी निवासी शानू सिद्दीकी की कब्जे से गांजा जब्त किया गया है। इंटरस्टेट बस टर्मिनल के गेट नंबर-3 के पास शानू की घेराबंदी कर उसके बैग की तलाशी लेने पर गांजे के तीन बड़े पैकेट मिले। शानू गांजे को तस्करी कर उत्तरप्रदेश ले जाने की फिराक में था।



### गाली-गलौज करने से रोकने पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक युवक ने तीन लड़के तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ गाली-गलौज करने से मना करने पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महादेव हंस ने वरुण साहू, राकेश साहू, नितेश सारथी के खिलाफ अपने भाई कृपाहंस पर जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। महादेव ने पुलिस को बताया कि वरुण तथा उसके साथी सार्वजनिक जगह पर गाली-गलौज कर रहे थे। कृपा ने वरुण तथा उसके साथियों को गाली-गलौज करने से मना किया। इस बात से नाराज होकर तीनों लड़के और उसके साथी कृपा के पसली, पीठ, पैर तथा जांघ पर चाकू से गंभीर वार कर मौके से फरार हो गया।




निकाय चुनाव को लेकर मची हलचल, परिसीमन के साथ फैसला संभव

# शहर में वार्ड नहीं बढ़ेंगे, पर बढ़ेगा दायरा आधा दर्जन गांव होंगे निगम में शामिल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में नवंबर-दिसंबर में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक गलियारों में हलचल मचने लगी है, 5 साल बाद प्रत्यक्ष प्रणाली से होने वाले महापौर चुनाव को लेकर मतदाता उत्साहित हैं। इस बार के निकाय चुनाव में मतदाताओं को 2 वोट डालने का मौका मिलेगा। पहला वोट शहरी सरकार के मुखिया को चुनने के लिए और दूसरा वोट अपने वार्ड के पार्षद का चुनाव करने को लेकर रहेगा। सूत्रों के मुताबिक रायपुर शहर की 15 लाख आबादी को आधार मानकर 70 वार्डों का परिसीमन नए सिरे से होगा। इसमें औसतन 12 से 15 हजार मतदाता के हिसाब से वार्ड की सीमा तय हो सकती है।


हरिभूमि फॉलोअप

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार ने नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने कहा है। इसे लेकर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से जिला कलेक्टर को आदेश जारी किया गया है। निकाय की आबादी को रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों में बराबर-बराबर बांटना है। वर्तमान में वार्डों में मतदाताओं की संख्या कहीं 6 हजार तो कहीं 12 से 15 और 18 हजार तक है। ऐसे में वार्ड परिसीमन का कार्य आसान नहीं होगा।

### आउटर के 7 गांव निगम में जुड़ सकते हैं

सूत्रों मुताबिक रायपुर शहर के आउटर इलाके से लगे 7 नए गांव इस बार नगर निगम से जुड़ सकते हैं। इनमें दतरेंगा, मुजगहन, कांदुल, बोरियाकला, काठाडीह, सेजबहार, हतबंद गांव शामिल है।

### मतदाता इस बार पार्षद और महापौर के लिए देंगे 2 वोट



### सर्वाधिक मतदाता वामनराव लाखे वार्ड में

साल 2019 में हुए नगर निगम चुनाव में कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड को विलोपित कर वहां के मतदाताओं को वामनराव लाखे वार्ड और पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में समाहित किया गया, इसलिए सर्वाधिक मतदाता वामनराव लाखे वार्ड 18,700 और पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में 16,500 हो गए। इसका वार्डवासियों ने जमकर विरोध भी किया। नए वार्ड परिसीमन में एक बार फिर जनता की मांग है इस पुराने वार्ड को पुनः जीवित किया जाये। विदित हो, उस समय कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड में 10 हजार से अधिक मतदाता थे, उसे तीन वार्डो में मर्ज कर पुराने वार्ड को खत्म कर दिया गया। इसके चलते इस वार्ड के 3 बूथ को पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड, एक बूथ को महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड और 2 बूथ को वामनराव लाखे वार्ड में समाहित करने की नौबत आई।

### एसटी- एसी के लिए 12 वार्ड रहेंगे

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राज्य शासन की ओर से जिला कलेक्टर को जारी वार्ड परिसीमन के आदेश के हिसाब से रायपुर नगर निगम में 70 वार्ड पहले से अस्तित्व में हैं, इसलिए नए वार्ड नहीं बनाये जाएंगे, बल्कि कम मतदाता वाले वार्ड का नए सिरे से सीमा तय होगी। 15 हजार से अधिक मतदाता वाले वार्ड के कुछ हिस्से आसपास के कम मतदाता वाले वार्ड में जुड़ेंगे। जनसंख्या के हिसाब से एसटी वर्ग के लिए 3 वार्ड और एससी श्रेणी के लिए 9 वार्ड सुरक्षित रहेंगे। ऐसे वार्ड में यदि बीएसयूपी कालोनी की संख्या ज्यादा है, तो वहां पर ज्यादा आसानी से उस वार्ड का समीकरण बिगड़ सकता है। मसलन कलिंग नगर, खालबाड़ा सहित अन्य इलाका।

### कुछ बदलाव जरूरी

वरिष्ठ एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन का कहना है 2019 में कराया गया वार्ड परिसीमन जल्दबाजी में हुआ था, चूंकि उस समय नगरीय निकाय चुनाव था इसलिए परिसीमन के दौरान कई गलतियां हुई। वार्डों में वोटर की संख्या को लेकर 13 हजार से लेकर 17 हजार तक वेरियेशन है। इस विसंगति को इस बार के निगम चुनाव से पूर्व एकरूपता में बदलने की जरूरत है।

## छाए बादलों से बारिश के आसार, मानसून की सक्रियता पर असमंजस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सुकमा से आगे बढ़कर बीजापुर तक पहुंचा मानसून दस दिन में पूरे बस्तर को कव्हर नहीं कर पाया है। इसके आगे बढ़ने को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। छाए बादल अनुमान के अनुसार अगर बरसते हैं, तो मानसून के 20 जून तक प्रदेश में आगे बढ़ने की उम्मीद है।

- दस दिन में पूरा बस्तर कवर नहीं कर पाया अगली तारीख 20 के बाद

आठ जून को दक्षिण-पश्चिम मानसून का एक किनारा सुकमा तक पहुंच गया, इसके बाद दो-तीन दिन विराम के बाद वह बीजापुर पहुंचा, उसके बाद ठहर गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार बादल छा रहे हैं, मगर मानसून को आगे बढ़ने के लायक बरस नहीं पा रहे हैं। जब किसी क्षेत्र के 80 फीसदी हिस्से में हल्की से मध्यम वर्षा होती है, तो वहां मानसून को एक्टिव माना जाता है, मगर अब तक ऐसा पूरे बस्तर में नहीं हो पाया है। हालांकि छाने वाले बादलों के मंगलवार से बरसने के आसार बन रहे हैं। अनुमान अगर सही साबित हुआ, तो 20 जून तक इसके बस्तर समेत अन्य इलाकों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। पूरे राज्य में सामान्य तिथि के आसपास मानसून के सक्रिय होने का अनुमान है और मौसम विभाग के मॉडल के अनुसार राज्य में 26 जून के बाद व्यापक और जोरदार बारिश के आसार बन रहे हैं। सोमवार को राजनांदगांव को छोड़कर सारे प्रमुख शहरों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से कम रहा, मगर पारा अभी भी सामान्य से अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में बीजापुर में 5, बस्तानार में 2, लोहंडीगुड़ा, लैलुंगा में एक सेमी. तथा कुछ स्थानों में इससे कम बारिश हुई।

## छग से दिल्ली आम यात्री के लिए ट्रेन चलाने की तैयारी

### नहीं रहेंगे एसी कोच, 12 स्लीपर के साथ जनरल व पार्सल की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ की समस्या दूर करने रेलवे जल्द देश के विभिन्न राज्यों में स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू करने जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। रेलवे ने बीते दिनों भीड़ वाली ट्रेनों का सर्वे किया था, जिसमें दिल्ली से पूर्व दिशा को जाने वाली ट्रेनों में पूरे वर्ष अधिक भीड़ पाई गई। अब सर्वे के आधार पर छत्तीसगढ़, उप्र, बिहार, बंगाल, असम, ओडिशा, झारखंड व आंध्रप्रदेश के लिए जल्द गैर वातानुकूलित ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। इन ट्रेनों में खास बात यह भी है कि इसमें 11 जनरल और 12 स्लीपर कोच के साथ चार पार्सल कोच भी लगेंगे, ताकि यात्रियों को सामान बुक कराकर ले जाने में आसानी हो। एलएचबी कोच के आने से ट्रेनों में जनरल और स्लीपर कोच कम हो गए हैं, लेकिन इस स्पेशल ट्रेन में एसी कोच नहीं होगा। इसीलिए इस ट्रेन को आम आदमी की ट्रेन कहा जा रहा है।



- रेलवे के सर्वे में खुलासा, दिल्ली से पूर्व दिशा को जाने वाली ट्रेनों में पूरे वर्ष अधिक भीड़
- जल्द छत्तीसगढ़ व उप्र, बिहार, बंगाल व अन्य राज्यों के लिए गैर वातानुकूलित ट्रेनों का संचालन होगा शुरू

### यात्रियों का सफर होगा आसान

दिल्ली से पूर्व दिशा की ट्रेनों में पूरे वर्ष भीड़ होती है। लंबी प्रतीक्षा सूची रहती है। त्योहार के दिनों में यात्रियों की संख्या और बढ़ जाती है। सर्वे में पता चला है कि दपूमरे से दिल्ली आने वाले जनरल कोच में लोगों को कष्टदायक स्थिति में यात्रा करनी पड़ती है। साथ ही स्लीपर कोच में भी भीड़ बढ़ रही है। बहुत यात्री वेटिंग टिकट लेकर यात्रा करते हैं। ऐसे में त्योहार व गर्मी की छुट्टियों में विशेष ट्रेनें भी चलाई जाती हैं। अब इसका स्थायी हल निकालने के लिए ऐसे रूट पर पूरे वर्ष गैर वातानुकूलित ट्रेनें चलाने का फैसला किया गया है। जल्द ही ट्रेनों में भीड़ की समस्या दूर होगी और सफर आसान होगा।

### ट्रेन की एक रैक बनकर तैयार

रेलवे बोर्ड ने ट्रेनों के संचालन के लिए रैक तैयार करना शुरू कर दिया है। जानकारी के मुताबिक एक रैक तैयार हो चुकी है। रेलवे बोर्ड के सदस्य नवीन गुलाटी और परिचालन एवं व्यवसाय विकास सदस्य जय सिन्हा ने नई दिल्ली स्टेशन पर रैक की जांच की है। अब उनकी रिपोर्ट के आधार पर इसे चलाने का निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद लगाई जा रही है कि पहली ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रूट पर चलाई जा सकती है। आम चुनाव से पहले चुने गए अधिकतर शहरों के बीच इस तरह की ट्रेनें चलाने की तैयारी है। नई ट्रेन छत्तीसगढ़ के साथ उप्र, बिहार, बंगाल, असम, ओडिशा, झारखंड, पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश के लिए चलाने की योजना है।

## छुट्टियों का दौर जारी रोजाना औसतन सात हजार यात्री कर रहे आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में छुट्टियों का दौर चलने की वजह से केवल स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के जरिए रोजाना सात हजार यात्रियों की आवाजाही हो रही है। सुबह पहली से लेकर रात की अंतिम फ्लाइट तक विमानतल पर गहमागहमी की स्थिति बनी रहती है। शहर से रोजाना 20 से ज्यादा उड़ानों का संचालन हो रहा है। राज्य में अभी गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं और लोग बड़ी संख्या में यह वक्त ▶▶शेष पेज 13 पर

- पहली से अंतिम फ्लाइट तक एयरपोर्ट पर गहमागहमी का माहौल

### सबसे ज्यादा दिल्ली का सफर

रायपुर से सबसे ज्यादा उड़ान दिल्ली के लिए संचालित हो रही है। इसके लिए दो एयरलाइंस कंपनी ने नियमित शेड्यूल तय कर रखा है। चौबीस घंटे पहले टिकट लेने पर यात्रियों को छह से दस हजार रुपए तक खर्च करना पड़ रहा है। वहीं मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता जैसे शहरों के लिए तीन फ्लाइट उड़ान भरती है।

### प्रयागराज की औपचारिक घोषणा का इंतजार

इंडिगो एयरलाइंस रायपुर-प्रयागराज फ्लाइट का नियमित संचालन 16 अगस्त से पुनः करने वाली है। ऑनलाइन शेड्यूल में इसका उल्लेख किराए के साथ दिखा रहा है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े लोगों को कंपनी की औपचारिक घोषणा का इंतजार है। रैनी सीजन में कुछ अन्य शहरों के लिए फ्लाइट शुरू होने का भी इंतजार है।


## पानी की दिक्कत ने पाइपलाइन टेस्टिंग पर लगाया ब्रेक, बारिश के बाद होगी टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी पहुंचाने की स्मार्ट सिटी लिमिटेड की योजना में पाइप लाइन टेस्टिंग के काम पर नगर निगम ने ब्रेक लगा दिया है। पुरानी बस्ती, कुकरीपारा में पाइप लाइन टेस्टिंग के दौरान वार्ड में पानी की किल्लत को देखते हुए इस पर रोक लगाई गई है। इसके साथ ही अन्य वार्डों में इस योजना के तहत पाइप लाइन टेस्टिंग का काम बारिश तक रोका गया है। अब बारिश के बाद ही पाइप लाइन टेस्टिंग की जायेगी। मोतीबाग की पानी टंकी से 4 इलाकों में नई पाइप लाइन से टेस्टिंग का काम बाकी है। इनमें नयापारा, गोलबाजार, जोरापारा, मोमिनपारा और हांडी तालाब का एरिया शामिल है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एबीडी एरिया ▶▶शेष पेज 13 पर

- मोतीबाग पानी टंकी से 4 जगहों पर पानी टेस्टिंग का काम बाकी

### रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड का 24 घंटे जल आपूर्ति का पॉयलट प्रोजेक्ट



### जुलाई में प्रोजेक्ट पूरा करने मियाद

15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति के प्रोजेक्ट को पूरा करने जुलाई के अंत तक की डेडलाइन दी गई है। इसके बाद संबंधित वार्डों में सुबह के समय पुराने सिस्टम और शाम के समय नए सिस्टम से जल आपूर्ति की जाएगी। इस बीच एक माह का समय कनेक्शनधारियों को नल कनेक्शन चेंज करने, पाइप लाइन लीकेज सुधरवाने दिया जायेगा।

**- अमित मिश्रा,** प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 घंटे वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### बजरंग नगर में दो टाइम दे रहे पानी, टैंकर मुक्त

शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के बजरंग नगर में 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद महीनेभर पहले टेस्टिंग कर नियमित रूप से रहवासियों को सुबह-शाम जल आपूर्ति की जा रही है। पहले इस इलाके में पानी की किल्लत दूर करने पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने की नौबत आती थी, अब यह इलाका टैंकर मुक्त हो गया है।

## घर बैठे जॉब का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरस्वती नगर थाने में एम्स में इलेक्ट्रिशियन का काम करने वाले एक व्यक्ति ने तीन लोगों के खिलाफ ऑनलाइन जॉब देने का झांसा देकर 10 लाख ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक कोटा निवासी लिलेश कुमार साहू ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। लिलेश ने पुलिस को बताया कि टेलीग्राम से उसके पास मैसेज भेजकर प्रोडक्ट खरीदने पर कमीशन तथा 33 लोगों के फीडबैक भेजने पर कमीशन के साथ बोनस देने का झांसा देकर एक लिंक में जोड़ा। इसके बाद फर्जी लोगों ने लिंक में भारी मुनाफा मिलने की जानकारी दी। इससे प्रेरित होकर लिलेश ने अपनी पत्नी के जेवर बेचकर तथा परिचितों से उधार लेकर 10 लाख रुपए ठग के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए। लिलेश ने यू-ट्यूब पर इसी पैटर्न में ठगी का वीडियो देखा तो उसे ठगी की जानकारी मिली।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

खबर संक्षेप



## ग्राम टेकारी में योग एवं प्रशिक्षण शिविर जारी

**आरंग।** ग्राम टेकारी (कुंडा) में 5 दिवसीय योग प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। संचालनालय आयुष (छ.ग.) व जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय टेकारी में पदस्थ डा. ललिता शर्मा द्वारा यह आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर टेकारी के योग प्रशिक्षक नीलू जोशी द्वारा योग प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्य किया जा रहा है। शिविर का समय पूर्वाह्न 07 से 09 बजे है। शिविर का समापन 21 जून को होगा।

## सांसद तोखन साहू आज राजिम अंचल प्रवास पर

**अभनपुर।** नवनिर्वाचित सांसद एवम केंद्रीय शहरी विकास राज्यमंत्री तोखन साहू के राजिम प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह 12 बजे अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू के नेतृत्व में प्रथम अभनपुर नगर आगमन पर बस स्टैंड में भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर समाज के पदाधिकारी एव भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

## श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधन समिति का गठन

**आरंग।** श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर डीडी कालोनी के उचित प्रबंधन, रख–रखाव एवं पर्व में विभिन्न कार्यक्रम के लिए 16 सदस्यीय प्रबंध समिति का गठन किया गया है। यह मंदिर समिति का दायित्व होगा की डीडी विकास समिति से समन्वय स्थापित कर विकास योजना और मंदिर से संबंधित सभी कार्य में निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। सोलह सदस्यीय प्रबंध समिति के सदस्यों में अनिल सिंह ठाकुर, अशोक साहू, मदन साहु, मधुसूदन साहु, नरेंद्र साहु, भोला राम निषाद, नरेंद्र द्विवेदी, सूर्य प्रकाश चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, परमेश्वर चंद्राकर, जितेंद्र वर्मा, आशीष जायसवाल, विक्की देवांगन, द्वारिका चंद्राकर, शंकर साहु एवं शैल चंद्राकर सम्मिलित है।

## प्रभारी मंत्री कश्यप ने वर्षा पूर्व की नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर वर्षा पूर्व जलभराव तथा नालों के जाम से निपटने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं बाढ़ आपदा से बचने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों के नालों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। यदि जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो इससे निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा जोन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखी जाए।

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी परसुलीडीह पेयजल के लिए ढाई किमी पाइपलाइन बिछाने का काम जोरों से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राजधानी रायपुर से सटे और जनपद पंचायत धरसींवा के ग्राम पंचायत टेकारी की आश्रित परसुलीडीह के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनीवासी में पानी की किल्लत से रहवासी परेशान थे इस समस्या के चलते कॉलोनीवासी सड़क पर उतरकर लोकसभा चुनाव बहिष्कार की घोषणा किये थे जिस के चलते खबर लगते ही चुनाव पूर्व ही क्षेत्रीय विधायक श्री अनुज शर्मा ने रहवासियों से मिल कर पानी की समस्या को दूर करने की बात कही थी और विधायक की भगीरथ प्रयास रंग लाई और कालोनी से ढाई किलो मीटर दूर तत्काल दो बोरवेल्स की खुदाई कर ढाई किलो मीटर की पाइप लाइन बिछा कर रहवासियों को जल उपलध कराए थे जिससे रहवासियों ने इस पहल को खूब सराहा और रविवार को विधायक अनुज शर्मा का सम्मान कर आभार ब्यक्त किये।

## विधायक अनुज के प्रयास जारी काम पर कालोनीवासियों ने किया विधायक का सम्मान

### नगर निगम के बाहर और अंदर की समस्या है

इस विषय पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा, ये समस्या आज की नहीं है, लंबे समय से चली आ रही है. परसुलीडीह में पानी की समस्या निश्चित तौर पर है. यह नगर निगम के बाहर और अंदर क्षेत्र की समस्या है, जिसका समाधान निकाला गया है. जिस तेजी से काम किया जा सकता है उस तेजी से काम हुवा है अभी कुछ और क्षेत्रो से इस कालोनी में पानी लाने का प्रयास कर रहे है,,वही अभी और अधिकारियों को कहा गया है कि समस्या का समाधान करें, क्योंकि पानी मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है. सरकार को इस दिशा में देखना और फैसला करना है. वहां अधिकारी पहुंचे थे और समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।



### विधायक अनुज की प्रयास से मिला पानी

लोक सभा चुनाव बहिस्कार की खबर मीडिया में जमकर फैली और बात धरसींवा विधायक श्री अनुज शर्मा तक गए तब श्री शर्मा ने तत्काल हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में जा कर लोगो से मिले और जल संकट से कैसे निपटने की सलाह मसुरह कर हाऊसिंग बोर्ड के डिप्टी कमिश्नर सन्दीप साहू और श्री खिलेंद्र वर्मा सरपंच टेकारी के सहयोग से कालोनी तक पानी लाने की भागीरथ प्रयास की शुरुवात हुई।बता दे कि पूरा हाऊसिंग बोर्ड इलाका ड्राय इलाका घोषित है।ऐसे में कालोनी से ढाई किलोमीटर दूर दो बोरवेल्स कराया गया और किस्मत ने भी साथ दिया और भरपूर पानी निकले साथ ही ढाई किलो मीटर तक पाइप लाइन बिछाया गया और प्यासे कालोनी की प्यास बुझाया।

### इनकी भी रही उपस्थिति

*ग्राम पंचायत सरपंच खिलेंद्र वर्मा,विधायक कार्यालय प्रभारी विवेक शर्मा,मीडिया प्रभारी हेमेंद्र वर्मा,सरपंच रैता विद्या भूषण वर्मा,सरपंच कुथरेल रेमन पाल,भाजपा मंडल उपाध्यक्ष कौशल साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल,चन्द्र कांत सोनमिरी,पोषण वर्मा,विनय पांडे,सहित सैकड़ों नगरवासी उपस्तिथ थे।*

**सियासत :** सांसद बृजमोहन अग्रवाल की जीत पर विधायक गुरु खुशवंत साहेब के नेतृत्व में निकाली गई का आभार रैली

# डबल इंजन की सरकार है तो छत्तीसगढ़ का विकास भी डबल होगा : बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

■ अग्रवाल को लड्डुओं से तौला गया, जगह–जगह किया गया नेताओं का भव्य स्वागत

रायपुर लोकसभा के नव निर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल जीत के बाद पहली बार शनिवार को आरंग पहुंचे। आरंग विधानसभा के विधायक गुरू खुशवंत साहेब के नेतृत्व आभार रैली निकाली गई। इस दौरान सर्व समाज और कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन अग्रवाल का जगह–जगह लड्डुओं और फूलों से तौलकर उनका स्वागत किया। रैली के बाद विधायक कार्यालय के पास आयोजित सभा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आमजनता को संबोधित किया। इसके पहले सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ऐतिहासिक जीत के लिए मंच से आरंग विधानसभा के सभी नागरिकों को आभार प्रकट किया। सांसद ने राजा मोरध्वज की नगरी को पर्यटन के रूप में विकसित करने का भी ऐलान किया। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आरंग विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता जनता ने विधायक के नेतृत्व में एक बड़ी बहुमत उन्हें दिलाई है, जिसके लिए मै आभारी हु। उन्होंने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार की जो भी योजनाएं हैं, अब उनके माध्यम से आरंग विधानसभा में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ–साथ केंद्र सरकार की योजनाओं से भी विकास किया जाएगा। डबल इंजन की सरकार है तो विकास भी डबल होगा।








## ऐतिहासिक जीत के लिए सांसद ने निकाली रैली, माना जनता का आभार



**धरसींवा।** लोकसभा में जीत का कीर्तिमान रचने वाले नवनिर्वाचित सांसद और राज्य के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की सोमवार को विजय आभार रैली निकली। इस दौरान उन्होंने कहा कि रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे इस बार लोकसभा भेजा है. मुझे जीत भी ऐसी दिलाई कि पूरे भारत में रायपुर का डंका बज गया है। इस दौरान सिलतरा, चरौदा, धरसींवा, नगर पंचायत कुरा सहित क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों ने जगह-जगह पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का फूल मालाओं और पटाखों से स्वागत अभिनंदन किया गया इस अवसर पर खुली जीप कार में धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ,पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल ,श्रीमती लक्ष्मी वर्मा और पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता चंद्राकर,भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे। भव्य आभार रैली के दौरान अपने संक्षिप्त उद्बोधनों में जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि रायपुर सहित छत्तीसगढ़ की संपूर्ण जनता का प्यार और आशीर्वाद पिछले 35 वर्षों से मुझ पर बना हुआ है. रायपुर शहर की जनता ने मुझे आठ बार विधानसभा तो रायपुर लोकसभा क्षेत्र की जनता ने लोकसभा मुझे भेजा है. इस बार मुझे जीत भी ऐसी दिलाई कि पूरे भारत में रायपुर का डंका बज गया है. उन्होंने कहा कि यह बृजमोहन अग्रवाल हर बार की तरह आपके विश्वास पर खरा उतरेगा और परिस्थितियों चाहे जैसी भी हो 24 घंटे सातों दिन आपकी सेवा में तत्पर रहेगा। धरसींवा भाजपा मंडल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा, जिला पंचायत सदस्य राकेश यादव,जनपद सदस्य भूपेंद्र कसार,भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष टीनू कांत वर्मा,नवीन वर्मा,विधायक मीडिया प्रभारी हेमन्त वर्मा,पूर्व सरपंच प्रदीप वर्मा,पार्षद योगेश साहू,भाजपा मंडल उपाध्य कौशल साहू,सरपंच रेमन पाल,सरपंच विद्या भूषण वर्मा,मोहम्द यूनुस,चन्द्रकांत सोन मिरी,पूर्व सरपंच धर्मेंद्र जाधव,विधायक कार्यालय प्रभारी विवेक शर्मा,मोहम्मद हुसैन खान,मिथलेश वर्मा,बद्री वर्मा,मना राम साहू,,श्रीमती हेमिन बाई साहू,अंजली गुप्ता, सरिता साहू,श्रीमती अंजली पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम में प्रतिभाओं को किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को रायपुर जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजन में ग्राम गुल्लू में विकासखंड स्तरीय कैरियर गाइडेंस व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड के विभिन्न ग्रामों के पटेल समाज के छात्र छात्रओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रंगोली पेंटिंग में सहभागिता निभाने वाले तथा दसवीं बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्रओं को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोटिवेशनल स्पीकर थिंक आईएएस कोचिंग संस्थान रायपुर के डायरेक्टर मुरली मनोहर देवांगन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा छोटे छोटे लक्ष्य बनाकर अध्ययन करने से बड़ा लक्ष्य सरल होता है। जो आपके पास साधन सुविधा उपलब्ध है उसमें बेहतर करने का प्रयास करने को कहा। वहीं महेन्द्र कुमार पटेल संयोजक पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, सुंदर पटेल सचिव पटेल समाज नांदगांव राज ने भी विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के साथ बच्चों को प्रेरित किया। वहीं सभा को विशिष्ट अतिथि डेहर पटेल प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार पटेल समाज, ईश्वर पटेल जिलाध्यक्ष रायपुर, दूजेराम धीवर पीपला वेलफेयर फाउंडेशन अध्यक्ष ने भी संबोधित करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खिलावन पटेल जिला अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ मरार पटेल समाज, कार्यक्रम का संचालन होरीलाल पटेल जिला अध्यक्ष कर्म.प्रकोष्ठ महासंघ रायपुर ने किया। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में चंदूलाल पटेल, रामेश्वर पटेल, राजेन्द्र पटेल, वेदप्रकाश पटेल, रामायण पटेल, दिलीप पटेल, मोरध्वज पटेल, जमुना पटेल, दीनबंधु पटेल, गैंदराम पटेल, मेघराज पटेल सहित समाज के अन्य सदस्यों की सहभागिता व उपस्थिति रही।

## मोदी की गारंटी पर अमल करने कर्मचारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ वित्तमंत्री ने शीघ्र पहल करने दिया ठोस आश्वासन

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है। फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने वित्तमंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिन करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों के समर्थन में डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्तमंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांगपत्र भी सौंपा।

## बैज ने कहा- सीएम, बृजमोहन को मंत्री पद से बर्खास्त करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नैतिकता होती तो विधायकी के साथ मंत्री पद भी छोड़ देते- बैज

भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बृजमोहन अग्रवाल को बर्खास्त कब करेंगे? सांसद का चुनाव जीतने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक पद से इस्तीफा दिया है। नैतिकता का तकाजा है कि वे विधायकी के साथ मंत्री पद से भी इस्तीफा दे देते, लेकिन उन्होंने मंत्री पद के लालच में सारी नैतिकता को धता बता दिया है।



उन्होंने कहा, कोई व्यक्ति बिना विधानसभा का सदस्य रहते हुये भी 6 माह तक मंत्री पद धारित कर सकता है, उसे 6 माह के अंदर सदन का सदस्य निर्वाचित होना होता है। बृजमोहन के मामले में स्थितियां अलग हैं। उन्होंने सांसद निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दिया है। यहां पर 6 माह के अंदर सदस्य के निर्वाचन की अपेक्षा वाली बात नहीं है।

## कैरियर कॉउंसिलिंग में छात्रों को अनुशासन की समझाइश दी

**अभनपुर।** ग्राम परसदा विद्या मंदिर में सीआईपीएस-आरएफ के बैनर तले , ग्राम परसदा में कक्षा 10 वी , 11 वी एवं 12 वी के छात्र - छात्राओं के बेहतर कैरियर चयन के लिए, कैरियर कॉउंसलिंग का आयोजन किया गया।

उक्त कॉउंसलिंग में मुख्य रूप से काउन्सलर के रूप में सैन्य मनोवैज्ञानिक डॉ वर्णिका शर्मा राष्ट्रीय महामंत्री एफएएनएस एवं डायरेक्टर सीआईपीएस-आरएफ उद्यमी आदित्या बोग्गावरपु मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्पान यूनिवर्सल प्राइवेट लिमिटेड , तोरण ठाकुर सीनियर रिसर्च फेलो एवं सीपज मिश्रा नेट क्वालिफाइड ने उपस्थित छात्र छात्राओं का कैरियर चयन 11 वी में विषय चयन , 12 वी के बाद कोर्स का चयन जैसे विषयों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। सैन्य मनोवैज्ञानिक डॉ वर्णिका शर्मा ने छात्र छात्राओं को इस बात पर जोर दिया की किसी भी क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए सबसे पहले अनुशासन और लगन की जरूरत है जो विद्यार्थी अपने जीवन मे अनुशासन का पालन करता है उसे सफलता जरूर मिलता है युवा उद्यमी आदित्य ने नवाचार रोजगार उन्मुख शिक्षा और इसमें कैरियर पर प्रकाश डाला। काउन्सलर के रूप में उपस्थित तोरण ठाकुर और सीपज मिश्रा ने रक्षा क्षेत्र पुलिस में कैरियर को लेकर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश शर्मा, ज्ञानप्रकाश चंद्राकर, लक्ष्मण निषाद समेत ग्राम के नागरिक उपस्थित थे ।



**टीएलएम बुक का विमोचन राज्य परियोजना सहायक संचालक डॉ सुधीश ने किया**

# टीएलएम आधारित पुस्तक में मिला शिक्षिका भारती के भोट्कुल और मुखौटा को स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

■ 28 सक्रिय व नवाचारी शिक्षकों ने सहायक शिक्षण सामाग्री का संकलन तैयार किया

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में सबके लिए शिक्षा का प्रावधान है । शिक्षा के सार्वभौमिकीकरण के लिए केंद्र व राज्य सरकारे प्रतिबध्द है । शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए नित नए नवाचार विभाग व शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा है । नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बच्चों की तकनीकी व व्यवहारिक ज्ञान पर केन्द्रित व प्रेरित करती है । किताबों पर आधारित शिक्षण से बच्चों में उबाऊपन व नीरसता आ जाता है इसलिए आज शिक्षक अपने पठन पाठन में टीएलएम (सहायक शिक्षण सामाग्री) पर फोकस कर रहे है । इसी क्रम में डाइट रायपुर में प्रदेश के अलग अलग जिलों के लगभग 28 सक्रिय व नवाचारी शिक्षकों के द्वारा बनाए गए शिक्षण सामाग्री के साझा संकलन पर आधारित पुस्तक टीएलएम बुक का विमोचन राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश व डाइट रायपुर के प्राचार्य बीएल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । उक्त साझा संकलन पुस्तक को के. शारदा के द्वारा संकलित करते हुए सम्पादित किया गया है । विकासखंड की शिक्षिका भारती वर्मा के द्वारा बच्चों को सक्रिय शिक्षण के लिए बनाए गए भोट्कुल एक

### जटिल समस्याओं को सरल व रोचक बनाने का उपक्रम



*उल्लेखनीय है कि प्रदेश के कुछ सक्रिय व नवाचारी शिक्षकों ने अपने शाला में विषय की जटिल समस्याओं को सरल बनाने व शिक्षण को रोचकता प्रदान करने के लिए टीएलएम बनाकर , बनाने के उद्देश्य, किस स्तर के बच्चों के लिए उपयोगी , प्राप्त होने वाले कौशल व दक्षता, किस कक्षा व किस एलओएस (सीखने के प्रतिफल ) पर काम करेगा , निर्माण के लिए आवश्यक सामाग्री, बनाने की विधि, लागत , प्रयोग विधि, बच्चों को लाभ के साथ टीएलएम का वीडियो लिंक को लिखित स्वरूप के साथ प्रकाशित किया गया है । यह प्राथमिक व माध्यमिक दोनों स्तर के शिक्षकों द्वारा बनाया गया है । अतः इस पुस्तक का उपयोग 1ली से 8 वीं तक के शिक्षक अपने शिक्षण योजना में कर सकते हैं। इस पुस्तक में हिन्दी , गणित, पर्यावरण, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान जैसे सभी विषयों का समावेश किया गया है अतः यह पुस्तक राज्य के सभी शिक्षकों के लिए अपने विषयों को मनोरंजक व ज्ञानवर्धक बनाने के साथ साथ विषयवस्तु की स्थायी व व्यवहारिक ज्ञान हेतु मील का पत्थर साबित होगा।*

### शिक्षकों के लिए प्रेरणा व मार्गदर्शन का काम करेगा : डॉ. सुधीश

पुस्तक विमोचन पर समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ एम सुधीश ने सभी नवाचारी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी बधाई के पात्र है । यह पुस्तक भविष्य में सभी शिक्षकों के लिए प्रेरणा व मार्गदर्शन का काम करेगा । यह हमारे गर्व की बात है कि प्रदेश के शिक्षकों का साझा संकलन अमेजन में छपने लगे हैं , जो की डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से पुरे विश्व में देखा व पढ़ा जाता है । इससे पहले भी इन्ही सक्रिय शिक्षकों के द्वारा एफएलएन पर आधारित एक साझा संकलन का प्रकाशन कराया जा चूका है । हमारे राज्य के शिक्षक दूसरे राज्य के शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बने यही मेरी शुभकामना है। डाइट प्राचार्य बीएल देवांगन ने भी राज्य भर के आये सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने शिक्षा में बदलाव हेतु एक अभिनव प्रयास की शुरुआत की है । इससे राज्य के सभी शिक्षक लाभान्वित होंगे । अंत में राज्य समग्र शिक्षा कार्यालय के एफएलएन प्रभारी टीसी जायसवाल ने अतिथियों व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया । इस पुस्तक में तकनीकी सहयोग टी. सी. जायसवाल का रहा । लेखक मंडल में डॉ प्रज्ञा सिंह, श्रीमती नंदा देशमुख , ज्योति बनाफर, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रतिभा त्रिपाठी, रिंकल बग्गा, योगेश्वरी साहू, भारती वर्मा, आराधना वर्मा, अदिति शर्मा, पुणेश डड़सेना, समता सोनी, प्रीति शांडिल्य, अमित उइके, बलदाऊ सिंह श्याम, कलेश्वर साहू, सुनीता यादव, रेखा राय, सूरज कांति गुप्ता , देवेन्द्र कुमार देवांगन, ममता सिंह, संतोष कुमार तारक, संतोष कुमार पटेल, नीतिका जेकब, अरूणा देशमुख, सईदा खान, बिसेलाल शामिल हैं।

## व्यक्तित्व निर्माण शिविर में सैकड़ों युवक हुए शामिल



**आरंग।** गायत्री शक्तिपीठ आरंग में आयोजित तीन दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर सम्पन्न हुआ। तीन दिनों तक सैकड़ों युवाओं को व्यक्तित्व निर्माण के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विकासखंड के सैकड़ों युवाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। साथ ही नशा मुक्ति रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। वहीं समापन समारोह मे गायत्री शक्तिपीठ में गत माह आयोजित निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण की प्रशिक्षिकाओं को हरिद्वार से पहुंचे अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री शक्तिपीठ के सदस्यों, जिला व विकासखंड के पदाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों, गायत्री परिवार से जुड़े लोगों व नगरवासियों की उपस्थिति रही। वहीं गायत्री शक्तिपीठ आरंग के पदाधिकारियों ने आयोजन में तन, मन, धन से सहयोग व सहभागिता प्रदान करने वाले सहयोगियों का आभार जताया है।

## खबर संक्षेप



### प्रभारी मंत्री कश्यप ने वर्षा पूर्व की नगर निगम की तैयारियों की समीक्षा

**रायपुर।** जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने सोमवार को नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर वर्षा पूर्व जलभराव तथा नालों के जाम से निपटने सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव क्षेत्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है एवं बाढ़ आपदा से बचने नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 70 वार्डों के नालों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। यदि जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो इससे निपटने के लिए भी आवश्यक तैयारी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जोन के स्वास्थ्य अधिकारी और स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा जोन क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण कर स्थिति पर नजर रखी जाए। निगम के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि आपदा की स्थिति में सहायता के लिए 24 घंटे सेवा प्रदान करने के लिए आपातकालीन व्यवस्था की गई है। इसके लिए दूरभाष नंबर भी जारी किए गए हैं। निगम की ज्वाइंट टीम तैयार कर ली गई है, जिसमें आपातकालीन व्यवस्था की गई है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का मुख्यालय मोटर कर्मशाला कार्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास रायपुर में बनाया गया है।

### कैबिनेट की बैठक कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 19 जून को दोपहर 3 बजे मंत्रालय में होगी। चुनाव आचार संहिता लगने के पहले 6 मार्च को कैबिनेट हुई थी। तीन माह बाद हो रही कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।
बैठक में राज्य सरकार विभिन्न विभागों में होने वाली भर्तियों को मंजूरी दे सकती है। साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। सत्र के दौरान लाए जाने वाले विधेयकों के संबंध में चिभागीय मंत्रियों से चर्चा की जाएगी। वहीं चालू खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर मानसून की स्थिति और खेती किसानी की समीक्षा होगी। कृषि और मार्कफेड विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समितियों में खाद बीज के वितरण और भंडारण की स्थिति पर विचार किया जाएगा। बताया जाता है कि राज्य में बनाए जाने वाले गौ अभयारण्य को लेकर भी बनी कार्ययोजना को मंजूरी दी जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को नमन किया है। श्री साय ने कहा कि झांसी की रानी ने मातृभूमि के गौरव और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। वे सच्चे अर्थों में वीरांगना थीं। रानी लक्ष्मीबाई शौर्य, पराक्रम, साहस की प्रतिमूर्ति और नारी शक्ति की मिसाल हैं। उनका व्यक्तित्व पूरे समाज और देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

### बलौदाबाजार की घटना पर आज कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन



**रायपुर।** बलौदाबाजार में हुई हिंसक घटना को लेकर कांग्रेस मंगलवार को पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन करेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में सरकार के विफल प्रशासन और कानून व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन होगा। मंगलवार को सुबह 11 बजे राजीव गांधी फायर ब्रिगेड चौक पर इसकी तैयारी की गई है। प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन में सभी वर्तमान और पूर्व विधायकों को जिलों का प्रभारी बनाया है। सभी जिलों में आयोजित प्रदर्शन के माध्यम से सरकार की नाकामियों को सामने लाया जाएगा।

# रागी के लिए न फंड जारी न ही किसानों ने दिखाई रुचि, इसलिए खेती भी शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में पहले साल 2021 में रागी के करीब 100 हेक्टेयर रकबा में खेती कर फसल का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया था। इस लक्ष्य की तुलना में करीब 55 एकड़ रकबा में ही फसल हो पाई थी। इसके दूसरे वर्ष 2022 में खेती का रकबा घटकर सीधे 16 हेक्टेयर में पहुंच गया, जो तीसरे वर्ष 2023 में यह 2 हेक्टेयर में सिमट कर रह गया था।

चौथे वर्ष 2024 में हालात यह हैं कि रागी की खेती शून्य हो गई है। इसका कारण रागी के लिए न ही केंद्र व राज्य सरकार से कोई फंड जारी हुआ है और न ही इस बार किसानों ने खेती के लिए कोई रुचि दिखाई है।

### 3578 रुपए समर्थन मूल्य एवं 6 हजार अनुदान राशि

रागी अनाज से होने वाले फायदे को देखते हुए केंद्र सरकार ने इसकी खेती को बढ़ावा देने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में इसे शामिल किया है। इस खेती में किसानों को धान की तुलना में समर्थन मूल्य ज्यादा है। रागी का उत्पादन बढ़ाने किसानों को प्रति एकड़ समर्थन मूल्य 3578 रुपए के अलावा 6 हजार रुपए का अनुदान भी दिया जाता है। इसमें केंद्रांश का 60 प्रतिशत एवं राज्यांश का 40 प्रतिशत है। इस योजना के तहत ज्यादातर रागी की फसलें प्रदर्शनी करने लगाई गई थीं, वहीं स्वयं से फसल लगाने वाले किसानों ने एक एकड़ से बहुत कम रकबा में इसकी खेती की थी। इस तरह स्वयं से फसल लगाने वालों को फसल के अनुसार अनुदान की राशि तो मिली, लेकिन एक एकड़ से कम में फसल लगाने के कारण समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को नहीं मिल पाया।



#### इस साल फंड जारी नहीं

रागी फसल के लिए इस साल फंड अब तक जारी नहीं हुआ है। 55 हेक्टेयर रकबा में खेती लक्ष्य का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, लेकिन मंजूरी नहीं मिली है।
- राजेंद्र कश्यप
उप संचालक
कृषि विभाग, रायपुर

### बाजार उपलब्ध नहीं, इसलिए रुचि नहीं लेते किसान

रायपुर जिले में रागी का उत्पादन अब तक बहुत कम किसानों ने किया है। इसका सबसे बड़ा कारण जिले में रागी की फसल बेचने के लिए शासन ने कोई बाजार उपलब्ध नहीं कराया है। रागी का उत्पादन करने वाले किसानों को फसल बेचने के लिए बिलाईगढ़ जाना पड़ता है। धान के समर्थन मूल्य से रागी का जरूर ज्यादा है, लेकिन जिले में बाजार उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान इसकी खेती करना नहीं चाहते।
**ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा भी महंगा :** रागी की फसल खरीदने के लिए रायपुर के किसानों को बिलाईगढ़ जाना पड़ता है, जिसके कारण ट्रांसपोर्टिंग भाड़ा उन्हें ज्यादा देना पड़ता है। धान का समर्थन मूल्य 31 सौ प्रति क्विंटल है, वहीं रागी का 3578 रुपए है।

## कलेक्टर, एसपी, वन विभाग के डीएफओ से की चर्चा

# भाजपा की जांच टीम पहुंची अमर गुफा और बलौदाबाजार के घटना स्थल, ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार की घटना को लेकर भाजपा की बनाई गई जांच टीम के सदस्यों ने सोमवार को सबसे पहले अमर गुफा महकोनी में जाकर घटना स्थल का जायजा लिया और मंदिर के पुजारी, संतों और स्थानीय लोगों से चर्चा की। इसके बाद गिरौदपुरी जाकर बाबा गुरु घासीदास से प्रदेश में सुख, शांति व समरसता बनाने आशीर्वाद मांगा अंत में बलौदाबाजार में घटना स्थल का पूरा निरीक्षण किया। कलेक्टर, एसपी और वन विभाग के डीएफओ के साथ स्थानीय लोगों से भी घटना की पूरी जानकारी ली। जांच टीम सात दिनों में अपनी रिपोर्ट भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव को देगी।

रायपुर से सुबह को जांच टीम के संयोजक प्रदेश के मंत्री दयाल दास बघेल के साथ ही सदस्य प्रदेश के मंत्री बलौदाबाजार के विधायक टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय, रंजना साहू और शिवरतन शर्मा सीधे गिरौदपुरी पहुंचे और सबसे अमर गुफा में जाकर देखा कि वहां पर क्या हुआ था। इसके बाद वहां पर पुजारी और अन्य लोगों से चर्चा करके घटना के बारे में जाना। इसके बाद विश्राम गृह में पुलिस विभाग के लोगों से भी जानकारी ली कि वे क्या-क्या जांच कर रहे हैं, कोई एंगेज छूट तो नहीं रहा है। पुलिस के अधिकारियों को सदस्यों ने कुछ सुझाव भी दिए।



### घटना स्थल का किया पूरा निरीक्षण

जांच टीम गिरौदपुरी से बलौदाबाजार पहुंची और सबसे पहले विश्राम गृह में कलेक्टर, एसी और वन विभाग के डीएफओ से घटना के बारे में पूरी जानकारी ली। इसके बाद कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर आगजनी और तोड़फोड़ की घटना का बारीकी से जायजा लिया। एसपी विजय अग्रवाल के कक्ष में कलेक्टर और एसपी के साथ बैठक लेने के बाद अग्निकांड से पीड़ित लोगों से मुलाकात कर उन्हें कार्रवाई और मुआवजा का आश्वासन दिया।

### दोषियों पर कार्रवाई और निर्दोषों को छोड़ने के निर्देश

टीम के संयोजक खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, अमर गुफा महकोनी में हुई घटना का जायजा लिया गया है। साथ ही लोगों से बातचीत की गई है। दोषियों को कड़ी सजा देने, निर्दोषों को छोड़े जाने और कलेक्टर व एसपी को पारदर्शिता पूर्ण कार्रवाई करने का निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा ने घटना के लिए कांग्रेस पर आरोप लगाया है। इसी के साथ ही घटना के लिए भीम आर्मी और भीम रेजीमेंट को जिम्मेदार बताया। जिम्मेदार भीम आर्मी और भीम रेजीमेंट पर बैन लगाने के सवाल पर उन्होंने सरकार से चर्चा करने की बात कही। वहीं दोषियों के घर पर बुलडोजर चलाए जाने के सवाल पर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से इस संबंध में भी चर्चा की जाएगी और जो दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री वर्मा ने कहा, सतनामी समाज शांति प्रिय समाज है पर कुछ लोगों के कारण ये घटना हुई है। समाज भी इस घटना से आहत है। वहीं क्षतिपूर्ति के लिए दोषियों से वसूली किए जाने की बात कही।

### धारा 144 अब 20 जून तक

नगर पालिका बलौदाबाजार सीमा क्षेत्र में शांति-व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा 10 जून से लागू धारा 144 को 20 जून की मध्य रात्रि तक के लिए बढ़ा दिया गया है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 10 जून को हुई घटना के बाद धारा 144, 10 जून की रात्रि 9 बजे से 16 जून की मध्यरात्रि 12 बजे तक लागू की गई थी।

## ऐसी व्यस्तता... 3 मार्च को हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा, अब तक मॉडल उत्तर ही जारी नहीं कर सका व्यापम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छात्र जहां प्रवेश परीक्षाओं और भर्ती परीक्षाओं की तैयारियों में व्यस्त हैं तो वहीं व्यापम भी इन दिनों इतना अधिक व्यस्त है कि मार्च में हुई भर्ती परीक्षा का मॉडल आंसर अब तक जारी नहीं किया जा सका है। व्यापम ने छत्तीसगढ़ बिजली विभाग में सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के रिक्त पदों के लिए 3 मार्च को परीक्षा ली थी। परीक्षा हुए तीन माह से अधिक हो चुके हैं, लेकिन व्यापम अभी तक इसके मॉडल आंसर ही जारी नहीं कर सका है। सामान्यतः परीक्षा होने के सप्ताह भर अथवा पखवाड़े भर में ही व्यापम द्वारा मॉडल आंसर जारी कर दिए जाते हैं।

व्यापम द्वारा इस संदर्भ में कोई तिथि निर्धारण भी नहीं किया गया है। इस देरी के कारण परीक्षार्थियों को अत्यधिक मानसिक तनाव और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर कुंजी जारी न होने के कारण वे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन नहीं कर पा रहे हैं और आगे की प्रक्रिया में होने वाले संभावित परिवर्तनों के बारे में भी अनिश्चित हैं। मॉडल आंसर जारी होने के बाद व्यापम द्वारा दावा आपत्ति मंगाई जाएगी। निराकरण के बाद ही अंतिम परिणाम जारी होंगे।

**प्रति सप्ताह आयोजित हो रही परीक्षाएं :** व्यापम के अधिकारियों के मुताबिक, परीक्षा पश्चात आचार संहिता लागू हो गई। आचार संहिता हटते ही व्यापम की प्रवेश परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो गया। इन व्यतताओं के कारण मंडल द्वारा मॉडल आंसर जारी नहीं किए जा सके। लिमिटेड ऑफिसर और स्टाफ के कारण व्यापम अब तक इसकी तैयारी नहीं कर सका है।

### पीपीटी के प्रवेश पत्र जारी

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी का आयोजन राज्य के 32 जिला मुख्यालयों में 23 जून सवेरे 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक किया जाएगा। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र 17 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अभ्यर्थी प्रवेश पत्र व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** एवं **https://vyapa-maar.cgstate.gov.in/** एवं चिप्स की वेबसाइट **http://cgstate.gov.in** पर उपलब्ध लिंकों में से किसी भी लिंक पर क्लिक करके अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज पर जा सकते हैं और अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से एक संक्षिप्त यू.आर.एल. भी भेजा जाएगा। अभ्यर्थी इस यूआरएल को क्लिक कर अपने मोबाइल पर सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर उसका प्रिंट आउट ले सकते हैं।

## मोदी की गारंटी पर अमल करने कर्मचारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से भेंटकर मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान 4 प्रतिशत डीए देय तिथि से स्वीकृत करने, वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने की मांग की है।

- वित्तमंत्री ने शीघ्र पहल करने दिया ठोस आश्वासन

फेडरेशन के प्रदेश संयोजक कमल वर्मा एवं प्रवक्ता चंद्रशेखर तिवारी ने वित्तमंत्री को मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिन करने, प्रदेश में चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग शिथिल करने जैसे ज्वलंत मुद्दे से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन द्वारा पूर्व में इन मांगों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों के समर्थन में डॉ. रमन ने मुख्यमंत्री को पत्र भी प्रेषित किया था। फेडरेशन ने वित्तमंत्री के विजन 2047 के तहत मांगे गए सुझाव पर नवा रायपुर में बसाहट के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रियायती दर पर जमीन देने मांगपत्र भी सौंपा। वित्तमंत्री ने इस पर शीघ्र पहल करने का आश्वासन भी दिया। फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल में बीपी शर्मा, सतीश मिश्रा, राजेश चटर्जी, आरके रिछारिया, पंकज पांडे, सत्येंद्र देवांगन, उमेश मुदलियार, अविनाश तिवारी, ऋतु परिहार आदि शामिल थे।

## बैज ने कहा- बृजमोहन को मंत्री पद से बर्खास्त करें सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मंत्री पद से इस्तीफा नहीं देने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बृजमोहन अग्रवाल को बर्खास्त कब करेंगे? सांसद का चुनाव जीतने के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक पद से इस्तीफा दिया है। नैतिकता का तकाजा है कि वे विधायकी के साथ मंत्री पद से भी इस्तीफा दे देते, लेकिन उन्होंने मंत्री पद के लालच में सारी नैतिकता को धता बता दिया है।

- नैतिकता होती तो विधायकी के साथ मंत्री पद भी छोड़ देते- बैज

उन्होंने कहा, कोई व्यक्ति बिना विधानसभा का सदस्य रहते हुये भी 6 माह तक मंत्री पद धारित कर सकता है, उसे 6 माह के अंदर सदन का सदस्य निर्वाचित होना होता है। बृजमोहन के मामले में स्थितियां अलग हैं। उन्होंने सांसद निर्वाचित होने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दिया है। यहां पर 6 माह के अंदर सदस्य के निर्वाचन की अपेक्षा वाली बात नहीं है। अतः संवैधानिक प्रावधानों की आड़ लेकर मंत्री पद पर बने रहना उचित नहीं है। कांग्रेस पार्टी राज्यपाल से भी मांग करती है कि यदि बृजमोहन मंत्री पद से स्वयं इस्तीफा नहीं देते या मुख्यमंत्री उनको नहीं हटाते हैं, तो राज्यपाल स्वयं उनको मंत्री पद से बर्खास्त कर एक नजीर प्रस्तुत करें।

# विजन 2047 का रोडमैप बनाने की तैयारी, सरकार ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र में नई सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सभी विभागों के साथ मैराथन बैठक कर रहे हैं। साय सरकार को 6 महीने पूरे हो गए हैं, साथ ही विजन 2047 को लेकर रोडमैप भी तैयार किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने विजन 2047 को लेकर काम शुरू कर दिया है। आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरुआत हो गई है।

- आजादी के 100 साल यानी 2047 में छत्तीसगढ़ कैसा हो, इस पर चर्चा की शुरू

राज्य सरकार ने सभी मंत्रियों और विधायकों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने 30 जून तक सुझाव मंगाए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए विजन डाक्यूमेंट 2047 तैयार किया जा रहा है। इसका जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। आयोग इस संबंध में सभी विभागों व विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से विचार-विमर्श भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ स्टील और सीमेंट उत्पादक होने के साथ ही कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और टिन जैसी बहुमूल्य खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है। यहां के विकास में कैसे बेहत्तर उपयोग करें, इस पर भी विचार किया गया।



### एक नवंबर को जारी होगा डाक्यूमेंट

राज्य स्थापना दिवस पर 1 नवंबर को विजन डाक्यूमेंट 2047 जारी किया जाएगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय बैठक में सभी विभागों से सुझाव आमंत्रित करने की प्रक्रिया जारी है। इसमें वन, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, अधोसंरचना, यातायात, खेल, कौशल विकास, ग्रामीण विकास, आदिवासी क्षेत्रों में विकास, जनजाति विकास, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, धर्मस्व एवं संस्कृति आदि विभागों से सुझाव मिलना शुरू हो चुका है।

### आम जनता से भी मांगे गए सुझाव

विजन 2047 को लेकर किस तरह से विकास कार्यों का चिन्हांकन हो, साथ ही संसाधनों का उपयोग कैसे हो कि राज्य के लोगों को इसका लाभ मिले। योजनाओं के माध्यम से उनका जीवन स्तर उपर उठाया जा सकता है, ऐसे विषयों पर सुझाव दे सकते हैं।

# भाजपा पार्षद दल आज महापौर कक्ष के सामने नगाड़ा बजाकर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा पार्षद दल मंगलवार को गांधी सदन में महापौर एजाज ढेबर कक्ष के सामने शहर में जलसंकट के मुद्दे को लेकर नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन करेगा। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में भाजपा पार्षद महापौर से जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में पानी की मांग करने नारेबाजी कर ध्यान आकर्षित करायेंगे।

गर्मी के सीजन में पानी की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद दल निगम में हल्लाबोल के लिए जुटेगा। 18 जून को अमृत मिशन योजना के क्रियान्वयन में लेट लतीफी और शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल की किल्लत दूर करने नगाड़ा बजायेंगे। राजधानी के कुशाभाउ ठाकरे वार्ड, मोतीलाल नेहरू वार्ड, नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड, पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, यतियतन लाल वार्ड सहित अन्य वार्डों में पानी की समस्या को लेकर भाजपा पार्षद महापौर को नींद से जगाने नगाड़ा बजायेंगे। नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, वरिष्ठ पार्षद डॉ. प्रमोद साहू, सूर्यकांत राठौर ने संयुक्त रूप से कहा है कि अमृत मिशन में करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहरवासियों को पीने का साफ पानी मुहैया कराने में शहरी सरकार विफल रही है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में निर्मित पानी टंकी को पर्याप्त क्षमता के साथ भरने में कोताही बरती जा रही है। किस वार्ड में कितना पानी जाना है, इसका सही आकलन आज तक नगर निगम के अधिकारी नहीं कर पाये। ऐसे दोषी अधिकारियों पर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### जलसंकट का मुद्दा



## राज्य बनने के बाद हुए पांच चुनाव में जीत कर सदन में पहुंचे

# छग बनने के बाद पहली बार सदन में नहीं होंगे बृजमोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पिछले छह विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा में बतौर विधायक अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले .बृजमोहन अग्रवाल ने सांसद बनने के बाद विधायक पद से सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को इस्तीफा दे दिया। राज्य बनने के बाद यह पहला मौका होगा कि वे छत्तीसगढ़ विधानसभा की सदन में नहीं होंगे।

उल्लेखनीय है कि राज्य बनने के बाद हुए पांच विधानसभा चुनाव में लगातार चुनाव जीतकर विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते रहे। राज्य बनने के दौरान विपक्ष में रहे और जनहित के मुद्दों में अपनी बात प्रमुखता से उठाते रहे। 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बहुमत के साथ जीत दर्ज की, सरकार बनने पर बृजमोहन अग्रवाल कैबिनेट मंत्री बने। उसके बाद लगातार दो चुनावों में भाजपा ने सरकार बनाई उसमें भी वे कैबिनेट मंत्री रहे। रमन सरकार में वे लगातार 15 साल तक कैबिनेट मंत्री के पद पर काम करते हुए विभिन्न विभागों का दायित्व संभाला। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला, तब भी बृजमोहन अग्रवाल विधायक के रूप में सदन में रहे। 2023 के चुनाव में विष्णुदेव सरकार बनने पर उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया। पार्टी ने विधायक के तौर पर उनके सुदीर्घ अनुभव को देखते हुए 2024 में लोकसभा चुनाव में रायपुर लोकसभा से चुनाव लड़ाया। उन्होंने प्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीतकर सांसद चुने जाने के 14 दिन बाद विधायक का पद छोड़ा। अब उनकी कमी सदन में खलेगी।



### आठ बार रहे विधायक

बृजमोहन अग्रवाल छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पांच बार विधायक रहे, उसके पहले वे मध्यप्रदेश विधानसभा के तीन बार सदस्य रहे। वे ऐसे पहले विधायक थे जिन्होंने राज्य बनने के बाद से विधानसभा के हर सत्र में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। चुनाव में लगातार जीत दर्ज करने के कारण उनका पार्टी में अलग मुकाम है। मध्यप्रदेश के विधानसभा में पटवा सरकार के समय पहली बार उन्हें मंत्री बनाया गया था।

# निजी अस्पतालों के स्पष्टीकरण में खेद भी, रिपोर्ट तैयार, कुछ पर कार्रवाई तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना से मरीजों के इलाज के मामले में कुछ और अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना है। अनियमितता की शिकायत पर पेश किए गए दस्तावेजों की जांच कमेटी ने पूरी कर ली है। नोटिस के दौरान

हरिभूमि फॉलोअप



## आयुष्मान योजना में गड़बड़ी का मामला

### दुर्ग व राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी

स्टेट नोडल एजेंसी ने जून के शुरुआती दिनों में इस गड़बड़ी के नाम पर दुर्ग और राजनांदगांव के दो पंजीकृत अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई की थी और 28 को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। अस्पतालों ने अपने जवाब के साथ मरीजों के इलाज से संबंधित दस्तावेज भी सौंपे थे। इस दौरान उन्होंने जो स्पष्टीकरण दिया था, उसमें कई अस्पतालों ने खेद भी प्रकट किया था। इन दस्तावेजों की स्टेट नोडल एजेंसी की टीम ने जांच की और रिपोर्ट तैयार कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सौंप दी है। स्टेट नोडल एजेंसी के उपसंचालक डॉ. खेमराज सोनवानी के अनुसार रिपोर्ट आला अधिकारियों के समक्ष पेश की जाएगी, जिसके आधार पर उन्हीं के द्वारा फैसला लिया जाएगा।

अस्पतालों ने अपना स्पष्टीकरण के साथ मामले में खेद भी प्रकट किया था।

सूत्रों के अनुसार जिन 28 अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था, उन्होंने ओपीडी के मरीज को गंभीर दिखाकर आईसीयू में इलाज किया था। इसमें कुछ अस्पतालों ने यह गलती बार-बार दोहराई थी। ऐसे अस्पतालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के तैयारी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कार्रवाई क्लेम राशि को निरस्त करने के साथ जुर्माना तक हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक संघ की बैठक

रायपुर। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ का प्रांतीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में 15 जून को कलेक्ट्रेट गार्डन में संपन्न हुई। बैठक में संघ की मुख्य मांग पुरानी पेंशन मिलने तक संघर्ष करने की बात कही गई। संघ द्वारा निर्णय लिया गया कि सभी ब्लॉक एवं जिलों के जन-प्रतिनिधि, विधायकों और सांसदों से मिलकर ज्ञापन दिया जाएगा। संघ की मजबूती के लिए ठोस निर्णय लिया गया। सरगुजा, बस्तर धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार-भाटापारा, बिलासपुर, कांकेर, गरियाबंद, बालोद शाहिद विभिन्न जिलों से जिला अध्यक्ष एवं संभागीय अध्यक्ष सहित नारायण सोनी, दिनेश सिंह, नवीन चंद्राकर, खेदूराम चंद्राकर, हजरत अली व अन्य शामिल हुए।

## निधन

### राजीव खनूजा



रायपुर। शंकर नगर निवासी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन वाडीनार गुजरात में पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक पदस्थ राजीव खनूजा (52) का 14 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाडीनार में किया गया। वे प्रो. राजभारती खनूजा के पुत्र, प्रीति खनूजा के पति, शुभम, सौम्य के पिता एवं राहुल खनूजा के भाई थे।

### सोनमत निर्मलकर



रायपुर। अवधपुरी भाठागांव निवासी सोनमत निर्मलकर (95) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में 17 जून को किया गया। वे परदेसी राम निर्मलकर, स्व. द्वारका प्रसाद निर्मलकर, कुमारी बाई निर्मलकर, दुकाला लता निर्मलकर की माता एवं भोलाराम निर्मलकर की दादी थीं। उनके निधन पर धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शिफ्टिंग के लिए जगह नहीं मिली, अटका कलेक्टोरेट और तहसील का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट में पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग और तहसील रायपुर की पांच मंजिला बिल्डिंग के प्रस्तावित निर्माण कार्य में लगातार रुकावटें आ रही हैं। विधानसभा चुनाव से लेकर सरकार बदलने और फिर लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने की वजह से इन दोनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। अब जब आचार संहिता खत्म हो गई है, तो कलेक्टोरेट स्थित एसपी कार्यालय और तहसील कार्यालय की शिफ्टिंग के लिए जगह नहीं मिलने के कारण इसका काम फिर अटक गया है।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि दोनों भवनों की शिफ्टिंग के लिए जगह की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि तहसील और एसपी दोनों कार्यालय काफी महत्वपूर्ण होते हैं, जहां हर दिन बड़ी संख्या में आम लोग अपना काम लेकर पहुंचते हैं। तहसील में कोर्ट भी लगते हैं, इसलिए कार्यालय को शिफ्ट करने ऐसी जगह की तलाश की जा रही है, जिससे आम लोगों को वहां पहुंचने, बैठने या अन्य किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्वास्थ्य विभाग के भवन में तहसील कार्यालय को किया जा सकता है शिफ्ट

तहसील कार्यालय को तोड़कर यहां नई बिल्डिंग बनाई जाएगी। इसके पहले तहसील कार्यालय को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाना है। तहसील कार्यालय के पीछे स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग है। इस बिल्डिंग में ही तहसील कार्यालय को शिफ्ट किए जाने की कवायद चल रही है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि इसके अलावा दूसरा भवन भी तलाशा जा रहा है।

### बाधा बनी शिफ्टिंग जगह की तलाश





### सरकार बदलने के बाद वित्त विभाग से दोबारा प्रस्ताव को मंजूरी

विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में सरकार बदलने के बाद कांग्रेस शासनकाल में जिन नये कार्यों के प्रस्तावों को प्रशासनिक स्वीकृति देकर उसके लिए राशि बजट में जारी की गई थी, उन सभी प्रस्तावों को दोबारा वित्त विभाग में स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इसमें जिले से कलेक्टोरेट और तहसील कार्यालय के प्रस्ताव को भी भेजा गया। अधिकारियों के अनुसार वित्त विभाग से दोबारा दोनों प्रस्तावों को मंजूरी मिल गई है, जिसके बाद अब दोनों बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होना है।

### एसपी कार्यालय को पुराने जेल ऑफिस में किया जा सकता है शिफ्ट

कलेक्टोरेट की पांच मंजिला कंपोजिट बिल्डिंग एसपी कार्यालय भवन को तोड़कर बनाई जाएगी। बिल्डिंग के निर्माण से पहले एसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाना है। बताया जा रहा है कि शुरुआत में एसपी कार्यालय को पुराना जेल आफिस के खाली पड़े भवन में शिफ्ट करने की कवायद चल रही थी, लेकिन किसी कारण से इसे फाइनल नहीं कर दूसरे भवन की तलाश की जा रही है।

### 11 करोड़ में बनेगी तहसील बिल्डिंग

रायपुर तहसील बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग के लिए लगभग 11 करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृति दी गई है। यह बिल्डिंग भी हाईटेक रहेगी, जिसमें सारी सुविधाएं होंगी।

### 29 करोड़ की लागत से बनेगी नई कलेक्टोरेट कंपोजिट बिल्डिंग

कलेक्टोरेट की नई हाईटेक कंपोजिट बिल्डिंग 29 करोड़ 15 लाख 24 हजार रुपए की लागत से बनेगी। इसमें एक तरफ कलेक्टोरेट और दूसरी तरफ एसपी कार्यालय होगा। नई कंपोजिट बिल्डिंग बनाने का प्लान वर्ष 2012 से चल रहा है, जिसे मंजूरी वर्ष 2023 में मिली। नई बिल्डिंग 2555 वर्गमीटर एरिया में बनाई जाएगी। इसमें जिला प्रशासन की बिल्डिंग 582.00 वर्गमीटर और पुलिस प्रशासन की बिल्डिंग 800 वर्गमीटर एरिया में बनेगी। 134 वर्गमीटर एरिया में अफसरों के दफ्तर बनाए जाएंगे।

### टेंडर हुए 6 माह बीत चुके

पूर्व सरकार कांग्रेस के कार्यकाल में इन दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने दोनों बिल्डिंग के निर्माण के लिए डिजाइन तैयार कर टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। टेंडर प्रक्रिया को हुए 6 महीने बीत चुके हैं।

### शिफ्ट करने के लिए भवन की तलाश जारी

तहसील कार्यालय को शिफ्ट करने के लिए भवन की तलाश की जा रही है। नई बिल्डिंग बनने में एक-दो साल लग जाएंगे। इस दौरान आम लोगों को किसी भी प्रकार की दिक्कत या परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखकर ऐसा भवन तलाश कर रहे हैं, जहां तहसील का अच्छे से काम हो सके।

**- नंदकुमार चौबे**, *एसडीएम रायपुर*

### एसपी कार्यालय खाली होते ही काम शुरू करेंगे

एसपी कार्यालय के खाली होने का इंतजार है। टेंडर पहले ही हो चुका है। खाली होते ही भवन को तोड़कर यहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण शुरू हो जाएगा।

**- हेमंत अरोरा**, *ईई, पीडब्ल्यूडी विभाग*

# शहर में महिलाओं के लिए 4 स्थानों पर पिंक टायलेट एजेंसी तय करने टेंडर





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर प्रसाधन सुविधा उपलब्ध कराने नगर निगम ने 4 स्थानों पर पिंक टायलेट बनवाया है। इसके संचालन के लिए 2 साल में पांचवी बार टेंडर की नौबत आई। पूर्व में किये गये चार बार के टेंडर में पिंक टायलेट संचालन व मेंटनेंस के लिए रिस्पांस नहीं मिलने के कारण नगर निगम के स्वच्छता विभाग ने रीटेंडर किया है। हालांकि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 6 माह पूर्व स्मार्ट टायलेट का संचालन कर रही एजेंसी को इसकी देखरेख का जिम्मा दिया गया है।

- **फीडिंग जोन दूध गर्म करने इलेक्ट्रिक चूल्हा, बर्तन की नि:शुल्क सुविधा**

रायपुर नगर निगम ने महिलाओं को निःशुल्क सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा दिलाने आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित पिंक टायलेट का निर्माण कराया है। इसके संचालन के लिए निजी एजेंसी तय की जायेगी, जो कि स्पॉट पर अपने उत्पाद का प्रचार प्रसार करने विज्ञापन लगाकर पिंक टायलेट का मेंटनेंस करेगी। नगर निगम को इसमें रत्तीभर खर्च नहीं आयेगा। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान ने बताया, 3 साल के मेंटनेंस की शर्त पर पिंक टायलेट का संचालन व देखरेख करने एजेंसी तय की जायेगी। इसके लिए ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है।

### इन स्थानों पर बनाये गये हैं पिंक टायलेट

- शास्त्री बाजार के समीप
- खालसा स्कूल के सामने
- देवेन्द्र नगर में महालक्ष्मी मार्केट के सामने
- पंडरी क्लाथ मार्केट गेट नंबर 5 पिंक टायलेट में सुविधा इस तरह
- 2 वेस्टर्न, 2 इंडियन टायलेट
- फीडिंग जोन
- दूध गर्म करने इलेक्ट्रिक चूल्हा, बर्तन
- छोटा सा केबिन जहां बच्चे के साथ महिलाएं बैठकर लेट सकती हैं
- पैड मशीन

## खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से चालक की मौत

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र में रोड पर खड़ी हाईवा में ऑटो घुसने से ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस हाईवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक तेलीबांधा निवासी गुरजीत सिंह शुक्रवार देर रात अपनी ऑटो में सिमगा से रायपुर लौट रहा था। मेहंदी ओवरब्रिज के पहले चरोदा मोड़ के पास हाईवा सीजी-12 एस-2601 के चालक ने बीच रोड पर हाईवा खड़ी कर दी थी, जिसे ऑटो चालक नहीं देख पाया और ऑटो हाईवा से भिड़ गया। टकराने की वजह से गुरजीत सिंह को गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## पेज 11 के शेष ...

### अस्पतालों में मरीज...

महाविद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में सीमित संसाधनों के साथ मैन पॉवर की कमी भी है। रेडियेशन से संबंधित जांच उसके विशेष टेक्निशियन यानी रेडियोग्राफर ही करते हैं, जिनका सरकारी अस्पतालों में संकट है। कई पदों पर तो लंबे समय से भर्ती ही नहीं हुई है, वहीं कुछ का काम काफी साल पुराने सृजित पदों के जरिए ही चलाया जा रहा है।

### पानी की दिक्कत ने...

के 15 चुने हुए वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत वार्डवासियों को 24 घंटे पीने का साफ पानी उनके घरों तक पहुंचाने 130 करोड़ के प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है। इसके तहत शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग की पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए संबंधित एरिया में 168 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है, 7 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी बाकी है। ब्राम्हणपारा, पुरानी बस्ती, कुकरीपारा, मठपारा, सिविल लाइन क्षेत्र, बैजनाथ पारा, रामसागरपारा और तात्यापारा, इंदिरा गांधी वार्ड, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के रहवासी इलाके में नई पाइप लाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है, पर कुछ इलाके अभी भी ऐसे है, जहां नई पाइप लाइन टेस्टिंग का काम बाकी है। इनमें समता कालोनी, चौबे कालोनी, शिवनगर सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं।

### छुट्टियों का दौर...

घूमने-फिरने में बिता रहे हैं। इसकी वजह से रायपुर से दिल्ली, मुंबई सहित विभिन्न शहरों के लिए संचालित होने वाली फ्लाइटों में काफी संख्या में यात्री सफर कर रहे हैं। हवाई मार्ग के माध्यम से रायपुर देश के दर्जनभर से अधिक शहरों से कनेक्ट है और लगभग सभी क्षेत्रों के यात्री रायपुर से रवाना हो रहे हैं। विमानतल प्रबंधन के आंकड़ों के अनुसार राजधानी के एयरपोर्ट से रोज औसतन साढ़े तीन हजार यात्री दूसरे शहरों के लिए रवाना हो रहे हैं और उतने की ही वापसी हो रही है। रायपुर से प्रतिदिन पहली फ्लाइट कोलकाता से यहां पहुंचती है और अंतिम उड़ान दिल्ली की होती है। सुबह आने से लेकर रात जाने वाली फ्लाइट के माध्यम से बड़ी संख्या में यात्री अपना सफर पूरा कर रहे हैं। बीते सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार विभिन्न शहरों से 24786 यात्री रायपुर पहुंचे और 23964 लोगों ने वापसी की फ्लाइट पकड़ी।

# ट्रेन की लेटलतीफी से यात्रियों का मोहभंग, झुकाव लग्जरी बसों की ओर


### ओडिशा सहित लंबी दूरी के लिए चलने वाली बसों में पहले से टिकट बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ट्रेन की लेटलतीफी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रही है। ओडिशा से लेकर ज्यादातर मार्गों के लिए चलने वाली यात्री ट्रेन आठ से दस घंटे विलंब से चल रही है। इसके चलते ट्रेन से लंबी दूरी के लिए यात्रा करने वाले यात्री बस से सफर कर रहे हैं। लंबी दूरी के लिए लग्जरी बस चलने की वजह से यात्रियों के लिए ट्रेन से ज्यादा सुविधाजनक बस हो रही है।

- **ज्यादातर यात्री यात्रा करने से एक दो दिन पहले ऑनलाइन बुकिंग करा रहे**

ओडिशा मार्ग पर बस संचालित करने वाले बस ऑपरेटरों के मुताबिक कटक, पुरी, भनेश्वर, संबलपुर सहित अन्य लंबी दूरी की शहर के लिए यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। यात्री ट्रेन से सफर करने के बजाय बस से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं। बस ऑपरेटरों के मुताबिक ओडिशा रूट पर लंबी दूरी के लिए चलने वाली ज्यादातर बस एसी कोच तथा लग्जरी है। इस वजह से भी यात्री ट्रेन की जगह बस से यात्रा करना पसंद कर रहे हैं।





### किराया भाड़ा में मामूली अंतर

अलग-अलग यात्रियों से बात करने पर उन लोगों ने बताया कि ट्रेन के माध्यम से रायपुर से भुवनेश्वर, कटक, पुरी जाने एसी थ्री टियर में एक हजार रुपए के करीब भाड़ा लगता है। एसी कोच वाली लग्जरी बस में भी करीब उतना भाड़ा लगता है। इस वजह से ट्रेन की अपेक्षा वे बस से यात्रा करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### सुबह 10 बजे तक सीट फूल

बस ऑपरेटरों के मुताबिक बस से सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक खास सुविधा यह है कि जिस मार्ग से बस निकलती है, यात्री बस स्टाप के अलावा कहीं अन्य स्टाप जहां बस रुकती है, वहां से बस में बैठ सकते हैं। बस ऑपरेटरों के अनुसार पूर्व में बस छूटने के आधा घंटा पहले तक बुकिंग होती थी। वर्तमान में स्थिति ऐसी है कि सुबह 10 बजे तक बस की सभी सीटें ऑनलाइन बुक हो जाती हैं। ऐसी स्थिति इंदौर, नागपुर तथा हैदराबाद रूट पर चलने वाली बसों की भी है। ओडिशा मार्ग पर लंबी दूरी के लिए रायपुर से डेढ़ दर्जन से ज्यादा एसी कोच वाली लग्जरी बसें संचालित हो रही हैं।

### समय में पहुंचने की गारंटी

ओडिशा से आए बस यात्री विश्वजीत के मुताबिक ट्रेन की टाइमिंग का कोई ठिकाना नहीं होने की वजह से वह बस से आवाजाही कर रहे हैं। विश्वजीत के मुताबिक पूर्व में वह ट्रेन से यात्रा करते थे, लेकिन पिछले कई महीनों से ट्रेन लेट होने के साथ रद्द हो रही है। इसके कारण विश्वजीत ने बस से आने की बात कही। विश्वजीत के अनुसार बस से आवाजाही करने पर समय पर पहुंचने की गारंटी है।

### रात्रिकालीन बस सेवा होने से राहत

एक अन्य यात्री हिमांशु के मुताबिक उनका अपने काम के सिलसिले में रायपुर आना-जाना लगा रहता है। हिमांशु के मुताबिक उसके लिए ट्रेन से आवाजाही करना ज्यादा सुविधाजनक है। एक साल से ज्यादा समय से समय बेसमय ट्रेन की कैंसिल होने के साथ ही समय पर नहीं चलने की वजह से उसका ट्रेन से मोहभंग हो गया। हिमांशु के मुताबिक ओडिशा के लिए रात्रिकालीन बस सेवा होने की वजह से राहत है। हिमांशु के अनुसार अब वह ट्रेन के बजाय बस से रायपुर आवाजाही कर रहे हैं। हिमांशु के अनुसार ओडिशा रूट पर लंबी दूरी के लिए चलने वाली ज्यादातर बसें सुबह साढ़े छह से सात बजे अपने निर्धारित स्टेशन पर पहुंच जाती हैं।

// आम सूचना //
ग्राम - परसुलीडीह, प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. धरसींवा एक तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्रीमती गीता राजानी पति श्री अनिल राजानी निवासी देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम परसुलीडीह, प.ह.नं.- 23, रा.नि.मं. धरसींवा एक तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 51/3 शामिल 56/11 रकबा 0.1530 हेक्टेयर, खसरा नंबर 56/8 रकबा 0.1900 हेक्टेयर, खसरा नंबर 57/3 रकबा 0.0330 हेक्टेयर कुल खसरा 3 कुल रकबा 0.3760 हेक्टेयर को खरीदने का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 3 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेंवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 17/06/2024

हरनामदास सुदंरानी,
कौशलेन्द्र तिवारी,
अनंत तिवारी अधिवक्तागण,
लिबर्टी फोटो कापी सेंटर, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9826181154

आम सूचना
जारी दिनांक 10/06/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सी.के. अग्रवाल पिता/पति एन.पी. अग्रवाल निवासी दानीपारा पुरानी बस्ती रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम परसट्ठी प.ह.नं. 13 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 14/1, 26, 27/1, 27/2, 29,34 रकबा क्रमशः 0.600, 0.650, 0.160, 0.350, 0.250, 0.140 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 15/05/2024 के परिपालन में दिनांक 20/06/2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन/बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन/बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 13 के बेन्द्री स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. केन्द्री, अभनपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-16
तहसील धरसींवा जिला रायपुर
सीमांकन के संबंध में आम सूचना
दिनांक 15.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री शिवेश ठाकुर, श्री विशेष ठाकुर दोनों पिता स्व. गोरेलाल ठाकुर द्वारा आवेदित ग्राम नेउरडीह प.ह.नं. 14 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 166/64, 166/65, 166/68 रकबा 0.8000, 1.8100, 1.2150 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसींवा के ओदश दिनांक 16.05.2024 के परिपालन में दिनांक 26.06.2024 को समय 10.00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या सस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 14 के बरबंदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16(सारागांव)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर-16
तहसील व जिला-रायपुर
सीमांकन के संबंध में आम सूचना
दिनांक 14/06/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका स्वाती अग्रवाल पति अभिनव अग्रवाल द्वारा आवेदित ग्राम जरौदा प.ह.नं. 11 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 स्थित खसरा नंबर 49/1 रकबा 1.9840 हक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार धरसीवा के आदेश दिनांक 13/05/2024 के परिपालन में दिनांक 18/06/2024 को समय 10:00 के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/समय तक पटवारी हल्का नंबर 11 के ग्राम जरौदा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि. म. रायपुर 16
सारागांव




MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th (Biology, Maths, Commerce) Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes • Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 0771-4000123, 9425214413, 9329621221
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount For BPL Card Holder
ADMISSION OPEN Nursery to 12th Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga • Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C.G.) 0771-4913336, 9425214413, 9329621221 Email:- rpsraipur123@gmail.com

## खबर संक्षेप

### छग राज्य सड़क परिवहन निगम के तत्काल गठन की मांग


रायपुर। लोकतंत्र कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरगुन मेघवानी ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का तत्काल गठन करने की मांग सरकार से की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मेघवानी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य परिवहन का गठन न होने से गरीबों और आम जनता को अत्यधिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। प्राइवेट वाहन मनमाने ढंग से अपनी गाड़ियों का संचालन करते हैं, आए दिन सड़क पर प्रतिस्पर्धा के चलते खून-खराबा पिछले 20 साल से देखा जा रहा है। ऐसी स्थिति में तत्काल छत्तीसगढ़ राज्य सड़क परिवहन निगम का गठन सरकार करे, ताकि सड़क पर वाहनों की एकरूपता प्रदेश व अन्य प्रदेशों में देखी जा सके, जो पूर्व में थी। उन्होंने कहा कि छग में पिछले 20 सालों से स्थापित सरकारों द्वारा छग राज्य सड़क परिवहन निगम की अनदेखी की जा रही है। परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य सरकारों की अतिआवश्यक सेवा में आते हैं और छत्तीसगढ़ में ये तीनों व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं।

### महेश फिर बने गुप्ता समाज के अध्यक्ष



रायपुर। श्री कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई, भुंजवा, भुजी, गुप्ता समाज कल्याण रायपुर समिति द्वारा रविवार को आमसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गोल चौक स्थित श्री राधा निकुंज रोहिणीपुरम में किया गया, जिसमें नवगठित पदाधिकारी का स्वागत किया गया। आयोजन समिति के संस्थापक पूरनलाल गुप्ता ने बताया कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में प्रमुख सलाहकार एवं उपाध्यक्ष मनीष कश्यप, सचिव विजय गुप्ता, सहसचिव अनिल कश्यप, रवि चौधरी, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नितेश गुप्ता, प्रचार-प्रसार मंत्री सुनील गुप्ता, महेश कश्यप, हरि कश्यप, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, विधि सलाहकार आकाश गुप्ता एवं कार्यकारिणी सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

### गुरु टेऊंराम महाराज के चालीसा पाठ में हजारों श्रद्धालु हुए शामिल



रायपुर। शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में मंडलाचार्य गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज का 138वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। 1 जून से 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलने वाले चालीसा महोत्सव में इस बार कानपुर से संत भोलाराम महाराज आए हुए हैं। इस संबंध में आश्रम के सेवादारों ने बताया कि प्रेमप्रकाश आश्रम द्वारा घर-घर चालीसा महोत्सव में प्रतिदिन पालकी निकालकर टेऊंराम महाराज का चालीसा पाठ और भजन-संध्या का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज द्वारा रात्रि में भजन-संध्या के आयोजन से शुरू हुई, जो अभी भी पूरे भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, जापान, कनाडा और भी कई अन्य देशों में भी होती है। प्रेमप्रकाश आश्रम का प्रमुख आश्रम जयपुर शहर राजस्थान में है, वहां भी प्रतिदिन नियमित रूप से चालीसा का पाठ किया जाता है।

# मंडियों में पहुंच रहीं स्टोरेज सब्जियां, क्वालिटी सही नहीं, दाम भी ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर की थोक मंडियों में इन दिनों दूसरे राज्यों से ज्यादातर सब्जियां पहुंच रही हैं। इनमें स्टोरेज की गई सब्जियां होने के कारण इसकी क्वालिटी भी सही नहीं है। टमाटर के भाव चिल्हर में 60 से 80 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। 60 रुपए किलो मिल रहे टमाटर की क्वालिटी भी अच्छी नहीं आ रही है।

कई दिनों बाद स्टोरेज से बाहर निकाले जाने के कारण टमाटर कुछ पीले और दाग लगे आ रहे हैं, जिसके कारण इनका स्वाद भी बदला हुआ लग रहा है। आमतौर पर हर सब्जी में टमाटर का उपयोग किया जाता है, इसलिए मजबूरी में लोगों को न चाहते हुए भी ज्यादा दाम देकर निम्न क्वालिटी के टमाटर खरीदने पड़ रहे हैं। टमाटर के अलावा बैंगन, पत्तागोभी, फूलगोभी, शिमला मिर्च, बरबट्टी, भिंडी सहित ऐसी कई सब्जियां हैं, जिसकी क्वालिटी अभी सही नहीं आ रही है, जबकि इनके भाव आसमान पर है।

### ट्रकों में भरकर आती हैं इसलिए भी हो रहीं खराब

इधर थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि स्टोरेज के साथ सब्जियां ट्रक में कैरेट या बोरे में भरकर आती हैं। इसके कारण सब्जियां दब जाती हैं, जिससे इनकी क्वालिटी में फर्क दिखाई देता है। उनका कहना है कि बारिश के दिनों में क्वालिटी में और गिरावट आ सकती है। बारिश का पानी पड़ने के कारण सब्जियां जल्दी सड़ने लगती हैं। इस कारण बारिश के सीजन में सब्जियों को ज्यादा समय तक स्टोरेज कर रखा नहीं जा सकता।



### 20-30 रुपए किलो की सब्जियां 60 से 80 रुपए तक

माहभर पहले 20 रुपए प्रति किलो बिकने वाली सब्जी पत्तागोभी, लौकी, भाटा की कीमत अब बढ़कर 50-60 रुपए किलो तक पहुंच गई है। इसके अलावा कुंदरू, करेला, शिमला मिर्च, बरबट्टी आदि सब्जियां भी 30-40 से बढ़कर 80 रुपए किलो तक हो गई हैं। इसके अलावा अन्य सब्जियों के भाव भी बढ़े हुए हैं।

## वन विभाग ने बिजली विभाग के खिलाफ दर्ज की पीओआर


# करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत मामले में बिजली विभाग की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूरजपुर परिक्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व हाथी की करंट लगने से मौत के मामले ने बिजली विभाग की पोल खोल कर रख दी है। हाथी की करंट से मौत बिजली खंभा गिरने से उसमें लगे हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से हुई है। हाथी पर जो सीमेंट का बिजली खंभा गिरा था, उस खंभा के नीचे बोल्डर का जो बेस देना था, वह नहीं था। खंभा को मिट्टी खोदकर गाड़ दिया गया था। दो हाथी आपस में द्वंद्व कर रहे थे या खेल रहे थे, इस दौरान एक हाथी बिजली खंभा से टकरा गया और खंभा उस पर गिर गया। करंट की चपेट में आने से हाथी की मौके पर ही मौत हो गई।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों की करंट से मौत होने पर बिजली विभाग अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। बिजली विभाग के अफसर ग्रामीणों द्वारा बिछाए करंट की चपेट में आने से मौत होने की बात कह कर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाते हैं। गौरतलब है कि ग्रमीणों द्वारा हाईटेंशन वायर से हुकिंग कर बिजली चोरी करने पर बिजली विभाग के अफसरों को हुकिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, लेकिन विभाग किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं करता।

**सीमेंट पोल के नीचे बोल्डर का बेस नहीं देने की वजह से हाथी पर हाईटेंशन वायर वाला पोल गिरा**



### विद्युत मंडल के खिलाफ पीओआर

सूरजपुर फॉरेस्ट एसडीओ अनिल सिंह के मुताबिक विद्युत मंडल द्वारा विद्युत लाइन विस्तार के दौरान गाड़े गए विद्युत खंभे को मजबूती प्रदान करने बेस नहीं दिया गया था। यही वजह है कि मामूली टक्कर में विद्युत खंभा धराशायी हो गया और बिजली करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। विद्युत विभाग के खिलाफ पीओआर दर्ज कर प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है।

### बिजली पोल लगाने का यह है नियम

शहरी क्षेत्र में जो बिजली पोल लगाया जाता है, वह लोहे का होता है। लोहे के पोल को लगाने के लिए कंक्रीट तथा सीमेंट का बेस दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र में सीमेंट का पोल लगाया जाता है। सीमेंट का पोल लगाने बेस देने बोल्डर का बेस दिया जाता है। शहर में पोल लगाते समय सीमेंट तथा कंक्रीट का बेस दिया जाता है, लेकिन ऐसे कई ग्रामीण क्षेत्र तथा वनक्षेत्र हैं, जहां से हाईटेंशन वायर लगाया जाता है। उन क्षेत्रों में सीमेंट पोल लगाने नियमों की अनदेखी की जाती है।



### एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से

राज्य बनने के बाद से लेकर अब तक 180 हाथियों की मौत हो चुकी है। इनमें से एक तिहाई हाथियों की मौत बिजली करंट से हुई है। जिन हाथियों की बिजली करंट से मौत हुई है, उनमें से ज्यादातर हाथी हाईटेंशन वायर की चपेट में आकर मरे हैं। गौरतलब है कि बिजली विभाग ने हाथियों को करंट से बचाने वर्ष 2018 में बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने वन विभाग से 1674 करोड़ रुपए की मांग की थी, इस पर वन विभाग ने बिजली पोल की ऊंचाई बढ़ाने तथा नंगे तारों में कवर कंडक्टर लगाने को बिजली विभाग की जिम्मेदारी बताकर पैसा देने से इनकार कर दिया।

# खाद्य घोटाले में संलिप्त अफसरों पर गिर सकती है गाज

- खाद्य अधिकारी संघ ने विधानसभा अध्यक्ष और समिति के सभापति से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य घोटाले को लेकर विधानसभा की जांच समिति की घोषणा के बाद खाद्य संचालनालय के अफसर सक्रिय हो गए हैं। समिति की पहली बैठक अगले माह के पहले सप्ताह में हो सकती है। उसके पहले प्रदेश की राशन दुकानों में पाई गई कमी और अन्य रिपोर्ट भेजने जिला प्रशासन को लिखा गया है। पूरे मामले में जिस प्रकार से गलत तरीके से कोटा जारी करवाया गया, इसमें संलिप्त अधिकारियों पर जांच शुरू होने के पहले गाज गिर सकती है।

उनका कहना है कि विधानसभा समिति को जांच से भटकाने और खाद्य निरीक्षकों द्वारा हर महीने घोषणापत्र में बचत स्टॉक होने की जानकारी देने के बावजूद संचालनालय के अपर संचालक, संचालक खाद्य को भ्रमित कर कोटा जारी करवाते रहे। 600 करोड़ रुपये का चावल आज भी राशन दुकानों में है, लेकिन निरीक्षकों पर दबाव डाल कर बाजार से बोगस चावल खरीदी करवाया जा रहा है। इसे प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया है। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में केवल राजस्व वसूली का ही विकल्प है। किसी भी राशन दुकानदार से आज तक कोई वसूली नहीं हो पाई है, उल्टा नियम विपरीत राजस्व वसूली के खिलाफ कवर्धा, कांकेर, बस्तर, जशपुर जिले का मामला कोर्ट तक पहुंचा है।

### निरीक्षकों पर डाला जा रहा दबाव

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश में साल में एक बार भौतिक सत्यापन का कोई नियम नहीं है, बल्कि हर महीने घोषणापत्र में राशन दुकान में बचे खाद्यान्न की जानकारी मिल जाती थी। फरवरी 2022 में तेरह हजार राशन दुकानों का घोषणापत्र गायब कर दिया गया है। खाद्य निरीक्षकों से पिछले तीन महीने का घोषणापत्र सही है, का माड्यूल में जबरन एंट्री कराई जा रही है। जब घोषणापत्र ही नहीं है, तो खाद्य निरीक्षक किस घोषणापत्र के सही होने की एंट्री करेगा?

### यह बताया जा रहा कारण

खाद्य संचालनालय के अपर संचालक विभागीय और भौतिक सत्यापन में अंतर की चिट्ठी संचालक से जारी करवा रहे हैं, जिसमें 14.03 लाख मीट्रिक टन चावल, 33 हजार क्विंटल शक्कर का अंतर है। अंतर के लिए तकनीकी कारण, डेटा अपलोड और राशन दुकानों के केस बनने का हवाला दिया गया है।

### संलिप्त अधिकारी को हटाने की मांग

सेवानिवृत्त खाद्य अधिकारी रमेश चंद्र गुलाटी ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विधानसभा समिति के सभापति पुन्नू लाल मोहिले, सदस्य राजेश मूणत और विक्रम उसेंडी से मिलकर अपर संचालक को जांच के पहले हटाने की मांग की है। उनके रहते निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती। खाद्य विभाग के सचिव वी राजू और संचालक जितेंद्र शुक्ला को भी ज्ञापन देकर घोटाले के लिए जिम्मेदार अधिकारी को हटाने की मांग की है।

# स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप खिलाड़ियों ने दिखाया दम-खम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग इंडिया छग एसोसिएशन के तत्वावधान में स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लाखेनगर स्थित ताम्रकार प्लेटिनम फिटनेस जिम में आयोजित था। एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ी मास्टर 40 वर्ष से अधिक में 48 किलो में प्रथम शकुंतला सिंह, 53 किलो में संजीदा खातून प्रथम, 57 किलो में कमला देवी मंगतानी प्रथम, 57 किलो से अधिक में गायत्री बोराट प्रथम रहीं। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में 48 किलो में सुचित्रा शर्मा प्रथम, 53 किलो में मुस्कान देवांगन, 58 किलो में सलिता पंडिया, जूनियर वर्ग 48 किलो में सुमन मरकाम प्रथम, 57 किलो में वर्षा चौहान प्रथम, सब जूनियर वर्ग में 48 किलो में जया साहू प्रथम, 53 किलो में निशी, पुरुष वर्ग में मास्टर वर्ग में महेश कुमार आजाद प्रथम, रोहित कुमार चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला साथ में बलदेव एजेंसी के मालिक सुनील सोनू ने किया। इसी दौरान पुरस्कार वितरण प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर, डीएसएन राव, प्रदीप क्षत्रिय, चंद्रदीप भारती, माताशरण साहू थे।

# रीयल एस्टेट में योजनाओं की रफ्तार धीमी साढ़े पांच माह में 80 का रेरा में पंजीयन

- बीते साल 137 योजनाएं हुईं थीं लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीयल एस्टेट में मंदी का दौर चल रहा है। इस साल भी नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। इस साल अब तक साढ़े पांच माह में 80 नई योजनाओं का ही पंजीयन रेरा में हुआ है। वैसे बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उसमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा है।

पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रीयल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रीयल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रीयल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। सालभर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

- बीते साल भी बहुत मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाएं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं
- महंगे घरों पर ज्यादा फोकस इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय उच्च वर्ग ही रीयल एस्टेट में निवेश कर रहा




### 2022 में 273 योजनाओं का रिकॉर्ड

रीयल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना, उनको रेरा में पंजीयन कs बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोनाकाल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल जनवरी में 20 योजनाएं लांच हुईं। अगले माह फरवरी में यह रिकॉर्ड टूटा और 23 योजनाएं आईं। मार्च में भी फरवरी का रिकॉर्ड टूटा और 26 योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। इसके बाद अप्रैल में नया रिकॉर्ड बना और 36 योजनाएं पंजीकृत हुईं। मई और जून में 19-19 योजनाएं लांच हुईं। जुलाई में रिकॉर्डतोड़ 44 योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद अगस्त में 18, सितंबर में 21, अक्टूबर में 11, नवंबर में सबसे कम चार और दिसंबर में 28 योजनाएं आईं। कुल मिलाकर इस साल में 273 नई योजनाएं लांच हुईं। इसके बाद बीते साल 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई और पहली छमाही में 71 और दूसरी में 66 योजनाएं आईं।

### *अब तक 80 योजनाएं*

*नए साल 2024 की पहली छमाही में अब तक 80 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ है। पहले माह जनवरी में महज 8 नई योजनाएं आईं। इसके बाद फरवरी में 18, मार्च में 14 और अप्रैल में 20 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ है। मई में 12 और जून में अब तक 8 नई योजनाएं आईं हैं। कुल मिलाकर अब तक 80 नई योजनाएं आईं हैं। अब आने वाले समय में योजनाओं की रफ्तार और धीमी पड़ने की संभावना है, क्योंकि अब प्रदेशभर में जमीनों की कीमत 30 फीसदी बढ़ गई है। पिछली सरकार ने जमीनों की कीमत में 30 फीसदी की छूट दी थी, जो अब अप्रैल से समाप्त हो गई है।*

## बिजनेस साइट

### जीके ग्रुप को 'ऑटोमोबाइल ग्रुप ऑफ द ईयर' श्रेणी में प्रथम उपविजेता पुरस्कार




रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य एवं विदर्भ के अग्रणी ऑटोमोबाइल डीलर ग्रुप 'जीके ग्रुप' को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) द्वारा 'ऑटोमोबाइल ग्रुप ऑफ द ईयर' श्रेणी मे प्रथम उपविजेता के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। मुंबई में आयोजित एक समारोह में फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) द्वारा जीके ग्रुप के संचालक पुनीत पारवानी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में फाडा के प्रेसीडेंट मनीष राज सिंघानिया द्वारा यह पुरस्कार पुनीत पारवानी को फाडा के सचिव सांई गिरीधर, कोषाध्यक्ष अमर सेठ एवं अभिनेता अरबाज खान की उपस्थिति में प्रदान किया गया। जीके ग्रुप के डायरेक्टर पुनीत पारवानी ने बताया कि यह पुरस्कार ग्रुप की टीम की कड़ी मेहनत एवं सम्मानीय ग्राहकों के विश्वास एवं समर्थन का प्रमाण है।

# टाइटन टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में टाइटन इलेवन रायपुर ने सीएसके बेमेतरा को 8 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए टाइटन ने अभिजीत की 14 गेंदों पर 34 रन के साथ कुल 114 रन बनाए। रनों का पीछा करते हुए बेमेतरा की टीम ने 106 रन बनाए। टाइटन टीम के प्रवेश ने 3 विकेट लिए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज टिम्बरलैंड टीम के संकल्प श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल और विधायक पुरंदर मिश्रा ने पारितोषिक वितरण कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

अंत में आयोजक राहुल श्रीवास्तव और अतुल श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।






हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

कलम भी हुई अब डिजाइनर, कंपास ....

**एग्जाम अपडेट**

## नेट आज, दो पालियों में होगी परीक्षा, आधा घंटे पूर्व गेट बंद

**रायपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) जून 2024 का आयोजन 18 जून को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। एग्जाम का आयोजन दो शिफ्ट में करवाया जाएगा। पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न करवाई जाएगी। जो भी अभ्यर्थी इस एग्जाम में भाग लेने जा रहे हैं वे एनटीए की ओर से निर्धारित गाइडलाइंस को अवश्य पढ़ लें, ताकी एग्जाम में शामिल होने के लिए आपको किसी भी प्रकार की समस्या न हो। जो भी उम्मीदवार इस एग्जाम में शामिल होने जा रहे हैं वे घर से परीक्षा सेंटर पर पहुंचने के लिए समय का विशेष ध्यान रखें। रास्ते में जाम आदि की समस्या होने पर एनटीए की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अभ्यर्थी एग्जाम सेंटर पर कम से कम आधा घंटे पहले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं।

### साथ लेकर न जाएं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट

सुबह की शिफ्ट में उम्मीदवारों को 9 बजे के बाद और दोपहर की शिफ्ट में 2:30 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को एग्जाम सेंटर पर अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं। प्रवेश पत्र एवं पहचान पत्र के आपको परीक्षा हॉल में एंट्री नहीं दी जाएगी। एग्जाम में शामिल होने वाले अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे- मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन, माइक्रोफोन आदि अपने साथ लेकर न जाएं। परीक्षा केंद्र पर इन डिवाइसेस के उपयोग करने पर पकड़े जाने पर आपके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अन्य परीक्षाओं की भांति इसमें भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स साथ लाने की मनाही है।

**एजूकेशन**

## एसएससी ने जारी किए क्लर्क स्टेनोग्राफर के परीक्षा परिणाम

**रायपुर।** स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी) की ओर से ग्रेड-सी स्टेनोग्राफर एवं अपर डिविजनल क्लर्क डिपार्टमेंटल कॉम्पिटेटिव एग्जामिनेशन 2024 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। जिन उम्मीदवारों ने भी इस भर्ती परीक्षा में भाग लिया था, वे एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर परिणाम चेक कर सकते हैं। रिजल्ट पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है, जिसमें उम्मीदवारों के नाम, रोल नंबर आदि डिटेल दर्ज हैं। जिन भी उम्मीदवारों का नाम इस लिस्ट में दर्ज है वे स्किल टेस्ट के लिए क्वालीफाई माने जाएंगे। सएससी स्टेनोग्राफर एवं अपर डिविजनल क्लर्क भर्ती परीक्षा रिजल्ट चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट ssc.gov.in पर जाएं। वेबसाइट के होम पेज पर रिजल्ट बटन पर क्लिक करें। अब आपको रिजल्ट से संबंधित पीडीएफ लिंक पर क्लिक करना है। इसके बाद पीडीएफ स्क्रीन पर ओपन हो जायेगा जिसमें आप अपना नाम, रोल नंबर चेक कर सकते हैं।

### अब स्किल टेस्ट के लिए जारी होंगे शेड्यूल

रिजल्ट पीडीएफ में सफल उम्मीदवारों के नाम, पिता का नाम, रोल नंबर एवं डेट ऑफ बर्थ दर्ज है। अभ्यर्थी अपनी सभी डिटेल ध्यान से चेक कर सकते हैं। अगर आपका नाम लिस्ट में दर्ज है तभी आप भर्ती के अगले चरण स्किल टेस्ट में शामिल हो सकेंगे। स्किल टेस्ट के लिए शेड्यूल की घोषणा एसएससी की वेबसाइट पर की जाएगी, इसलिए अभ्यर्थियों को समय-समय पर वेबसाइट पर विजिट करने की सलाह दी जाती है।

**सिटी इवेंट**

## पीएससी में उत्तर लेखन व तकनीक महत्वपूर्ण, इस पर फोकस करें युवा



**रायपुर।** पीएससी की तैयारी करने वाले इस प्रतियोगिता के लिए खुद को कैसे बेहतर करें, इस विषय पर युवा संस्था में व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एवं वक्ता रही छत्तीसगढ़ पुलिस डीएसपी ललिता मेहर रहीं। युवा संस्था की सचिव पल्लवी वर्मा ने अतिथि का स्वागत सूत की माला, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट करके किया। इसके बाद मुख्य वक्ता के रुप में ललिता मेहर ने कहा कि मेरा बचपन युवा के अधिकांश प्रतिभाओं की तरह गांव में बीता। परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं थी। इसके बाद भी मां और भाई ने आगे बढ़ने में मदद की। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी को हर दिन की पढ़ाई को समय एवं विषय की पूर्णता से संबंधित दो टाइम टेबल बनाना चाहिए।

### आंसर राइटिंग व तकनीकी पक्ष खास

आगे कहा कि पीएससी की परीक्षा में आंसर राइटिंग व टेक्निक खास होता है। युवा सदस्यों को लघु उत्तरीय प्रश्नों की तैयारी से ही दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर देने की कला सिखाई। उन्होंने उपस्थित सदस्यों को निबंध लेखन के संबंध में प्रतिदिन समाचार पत्रों के संपादकीय को पढ़ने की सलाह दी। व्याख्यान के अंत में उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का सरल तरीके से उत्तर दिया। युवा के संस्थापक एम. राजीव ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

● महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ, इसके साथ ही बदला फैशन ट्रेंड

# कैंपस में लौटेगा डेनिम का फैशन, इस बार टैंक टॉप ट्रेंड में शॉर्ट कुर्ती सदाबहार, बारिश में डार्क शेड वार्डरोब का हिस्सा

सोमवार से महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन पोर्टल खोल दिया गया है। महाविद्यालयों में नियमित कक्षाएं जुलाई से प्रारंभ होंगी, लेकिन इसके पूर्व ही कॉलेज गोइंग यूथ ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सबसे ज्यादा उत्साह पहली बार कॉलेज जाने वाले छात्रों में देखा जा रहा है। वे अपने बजट को ध्यान में रखते हुए ट्रेंड के अनुसार परिधान खरीद रहे हैं।

**रायपुर।** यूथ स्टाइलिश लुक में कॉलेज जाना पसंद करते हैं। इसके अलावा मौसम के बदलते ही कॉलेज स्टूडेंट अपने ड्रेस कोड में बदलाव पसंद करते हैं, जिससे वे स्टाइलिश दिखने के साथ कंफर्टेबल भी रहें। इसके लिए शहर के दुकानों में वेस्टर्न व इंडियन लुक के आउटफिट सजने लगे हैं। शहर के विभिन्न स्थानों में क्लॉथ शो रूम संचालकों का कहना है कि 12वीं के बाद पहली बार कॉलेज में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी अपने ड्रेस कोड को लेकन तनाव में रहते हैं। सभी दुकानों में गर्ल्स-ब्वॉयज के लिए नए कलेक्शन देखने को मिल रहे हैं। इसमें वेस्टर्न व इंडियन कपड़े शामिल हैं। इसे बरसात के दौरान भी कैरी कर सकते हैं। बरसात के दौरान लाइट रंग के कपड़े कम से कम कैरी करें। वही प्लाजो, पेंट और लॉन्ग कुर्ती पहनने से बचें।



### डेनिम शर्ट और जैकेट

फैशन डिजाइनर प्रियंका गुप्ता ने बताया, बारहवीं के बाद पहली बार कॉलेज जाने के लिए यूथ एक्साइटेड रहते हैं। इस दौरान वे टी-शर्ट, स्लीवलेस टॉप, स्कर्ट्स, स्टोल, बसून स्लीवस, डेनिम शर्ट, जैकेट कैरी कर सकते हैं। इस तरह के कपड़े ट्रेंड में हैं। ये देखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

### ट्राउजर के साथ टैंक टॉप

टैंक टॉप पहनने में सुविधाजनक होने के साथ दिखने में स्टाइलिश फैशनेबल होता है। इसे ट्राउजर के साथ पेयर कर कैरी कर सकते है। इसके साथ पैरों में जूते और बालों में पोनी या बन बना सकते हैं। आजकल क्रॉप शर्ट ट्रेंड में है, ऐसे में कॉलेज के लिए यह लुक सबसे बेहतर है। प्रिंटेड क्रॉप शर्ट के साथ जींस और जूते कैरी कर सकते हैं।





### लड़कियों की राह पर लड़के

फैशन डिजाइनर शुभम सोना ने बताया, बदलते वक्त के साथ गर्ल्स के साथ ब्याज भी फैशन फॉलो करने लगे हैं। जो अपने फैशन लुक्स को लेकर नए ट्रेंड के साथ चलना पसंद करते हैं। पहली बार कॉलेज जा रहीं लड़कियां जॉर्जेट की कुर्ती, शर्ट-टेंट, लूज जींस, चिकनकारी कुर्ती पहन सकती हैं। इसके साथ ही ब्वॉयज डार्क रंग के शर्ट या टी-शर्ट कैरी कर सकते हैं। कार्गो पेंट, लूज जींस, बैगी जींस और ट्रांसपेरेंट शर्ट भी चलन में है।

### स्टाइलिश जूतों संग टी-शर्ट

फैशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, कपड़ों के साथ फुटवियर पर भी ध्यान देना आवश्यक है। पहली बार कॉलेज जा रहे लड़के लॉन्ग और लूज टी शर्ट की शॉपिंग करें। लूज टी-शर्ट को डिफरेंट तरीके से स्टाइल करके पहन सकते हैं। टी-शर्ट हर मौसम में कंफर्टेबल होता है, साथ ही इसे स्टाइलिश जूतों के साथ कैरी कर सकते हैं।



### जींस संग कुर्ती का ट्रेंड

पंडरी स्थित निजी दुकान संचालक लक्ष्य हसदेव ने बताया, बरसात में कॉलेज जाने वाली लड़कियां शॉर्ट कुर्ती कैरी कर सकती हैं। यह ट्रेंड में होने के साथ स्टाइलिश लुक देता है। साथ ही प्लेन कुर्ती और कॉड सेट कॉलेज विद्यार्थियों की पहली पसंद बनी हुई है। जींस के साथ शॉर्ट कुर्ती देखने में फैशनेबल लगता है। इसके साथ ही यह पहनने में कंफर्टटेबल होता है।

### हल्के बैंगनी रंग का चलन

पंडरी स्थित एक निजी दुकान के संचालक जय कुमार साहित्या ने बताया, गर्ल्स में कॉड सेट ट्रेंड में है। जिसे विभिन्न वर्ग की महिलाएं एवं लड़कियां कैरी कर सकती हैं। साथ ही टी-शर्ट और प्रिंटेड शर्ट भी बरसात के दौरान कैरी कर सकते हैं, जिसमें हल्का बैंगनी रंग लड़कियों की पहली पसंद है।

# कागज से तैयार किए गोल्डन ड्रेस

**रायपुर।** मिस्टर एंड मिस सेंट्रल इंडिया का फायनल सप्ताहंत में मध्यरात्रि के बाद समाप्त हुआ। यहां सेलिब्रिटी गेस्ट के रुप में सना सुलतान खान शामिल हुईं। इसके पहले प्रतिभागियों के लिए ग्रूमिंग सिजन व टैलेंट राउंड रखा गया। मिस कैटेगरी में रीतिका हंसराज व स्वाति सिंह विजेता रहीं। मिस्टर कैटेगरी में सागर दस और नमन शुक्ला विजेता बने। मिसेज कैटेगरी में डॉ.हारवीं कौर, आभीरा और हरप्रीत खरा विजेता रहीं।





### यूनिक लुक में नजर आईं मॉडल्स

इस अवसर पर मॉडल्स ने रैंप वॉक किया। इसमें डिजाइनर द्वारा तैयार ड्रेस पेश किए गए। इस दौरान गोल्डन ड्रेस के साथ गोल्डन लुक आकर्षण का केंद्र बना, जिसे डिजाइनर हर्षिता ने गोल्डन पेपर से तैयार किया। इसके साथ ही मॉडल्स यूनिक लुक के साथ नजर आईं। मिसेज यूनिवर्स थाइलैंड 2022 तृप्ती रॉय सहित मुख्य अतिथि के रुप में बसंत अग्रवाल, प्रीतम खनुजा और गुरुचंद होरा मौजूद रहे। जया रेड्डी, मुस्कान जग्नासी, ज्योति गजपाल और सुजैन खान भी शामिल रहे।



## प्रदीप मिश्रा राजधानी में गंडई में प्रवचन आज से



**रायपुर।** अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा एक बार फिर छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में उनका आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। 18 जून से खैरागढ़-गंडई में पांच दिवसीय शिवमहापुराण होने जा रहा है। जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा सोमवार को रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान आयोजक मंडलों के साथ सैकड़ों की संख्या में प्रदीप मिश्रा का स्वागत करने लोग एयरपोर्ट पहुंचे रहे। इसके पूर्व 27 मई से 2 जून तक दुर्ग अमलेश्वर में 7 दिवसीय शिवमहापुराण का आयोजन किया गया था। इसके पश्चात 12 से 16 अगस्त 2024 तक पोंड चम्पारण में शिवपुराण महापुराण का आयोजन होना है। जिसके आयोजक श्री शंभू सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी पोंड होंगे। पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, लक्खू राजपूत और राहुल शर्मा सहित अन्य नागरित स्वागत समारोह में शामिल रहे।

**कार्नर न्यूज**

पैगंबर द्वारा अल्लाह के आदेश पर दी गई कुर्बानी को किया याद

# 58 मस्जिदों व मदरसों में पढ़ी गई नमाज, एक-दूसरे को गले लगाकर दी मुबारकबाद, घरों में बिखरीं ईद की खुशियां

**रायपुर।** बकरीद के मौके पर नमाज अता करने अलसुबह 6 बजे से ही लोगों का हुजूम छोटापारा मस्जिद में देखने को मिला। इसके बाद अलग-अलग क्षेत्र के 58 मस्जिदों, मदरसों और ईदगाह मैदानों में लोग नमाज पढ़ने के लिए पहुंचे। पहली नमाज छोटापारा मस्जिद में लोगों ने सुबह 6 बजे पढ़ी। इसके बाद कही एक तो कहीं दो जमात में लोगों को नमाज पढ़ने के लिए सुविधा मुहैया कराई गई। इसके साथ ही बकरीद की आखरी नमाज बैजनाथपारा स्थित मदरसा में सुबह 11 बजे पढ़ी गई। बकरीद पर हर किसी ने नमाज के बाद अमन चैन की दुआ मांगी। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद देते हुए घर लौटे। इसके बाद पैगंबर इब्राहिम की तरह ही अल्लाह के आदेश पर अमल करते हुए कुर्बानी की परंपरा निभाई। इससे दिनभर मुस्लिम परिवारों में ईद की खुशियां बिखरी। लोग एक-दूसरे के घर बकरीद की खुशी बांटने पहुंचे।



### 10 दिनों तक नहीं कटवाए बाल व नाखून

उन्होंने आगे बताया, जो कुर्बानी करने का फैसला करते हैं, ऐसे लोग बकरीद के 10 दिन पहले से ही बाल, नाखून कटवाना व दाढ़ी बनवाना बंद करते हैं। कुर्बानी के बाद ही ऐसे लोगों के द्वारा हजामत करवाई जाती है। इस नियम का पालन ऐसे सभी लोग करते हैं, जिनके नाम से कुर्बानी दी जाती है। इसका पालन इस बकरीद के मौके पर भी लोगों ने किया। मौलाना ने समाज के लोगों को ईद से जुड़ी हुई कई जानकारी दी।



### फजर की नमाज के बाद कुर्बानी

मस्जिदों और ईदगाहभाठा में बड़े-बुजुर्गों से लेकर बच्चों ने तय समय पर पहुंचने के बाद नमाज अता किया। पहली नमाज सुबह 6 बजे और आखिरी नमाज 11 बजे अदा की गई। शहरे काजी मौलाना मोहम्मद अली फारूकी साहब ने बताया कि ईद-उल-फितर के करीब 70 दिन बाद मनाए जाने वाले इस पर्व पर अलसुबह फजर की नमाज के बाद बकरों की कुर्बानी दी गई। शहरे काजी आगे ने बताया कि पैगंबर इब्राहिम ने अल्लाह के आदेश पर अपने 10 साल के बेटे की कुर्बानी देना कुबूल किया था। तभी से कुर्बानी की परंपरा चली आ रही है।

### निभाई तीन हिस्से में बांटने की परंपरा

मौलाना ने आगे बताया कि बकरीद का यह पर्व न केवल हमें सामाजिक कार्यों की राह दिखाता है बल्कि कई और संदेश भी देता है। कुर्बानी को तीन हिस्से में बांटने की परंपरा आज भी निभाई गई। एक हिस्सा परिवार के लिए, दूसरा गरीबों के लिए और तीसरा संबंधियों के लिए तय किया गया। गरीबों के हिस्से को बांटने की जिम्मेदारी समाज के युवाओं द्वारा हर साल की तरह निभाई गई, ताकि कुर्बानी का एक हिस्सा गरीबों को मिले। वहीं रिश्तेदारों का हिस्सा भी लोगों ने कुर्बानी के बाद पहुंचाया।

**कैंपस लाइव**

## सौंदर्य बचाने विथार्थियों का श्रमदान कलाकृतियों की देखरेख का जिम्मा



**रायपुर।** कृषि विवि के छात्रों ने सोमवार को श्रमदान करके विश्वविद्यालय परिसर के आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया। कृषि विवि से लगे रोड पर छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन को प्रदर्शित करने वाली कलाकृतियां लगाई गई हैं। उपेक्षा से ये कबाड़ में तब्दील होने लगी थी। इसे व्यवस्थित करने और सौंदर्य बनाए रखने छात्रों ने स्वस्फूर्त यहां की साफ-सफाई की। कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा यह स्वच्छता अभियान चलाया गया। कृषि महाविद्यालय के साथ स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने भी इसमें योगदान दिया।

### चिन्हित कर बनाई कार्य योजना

धरमपुरा-माना एयरपोर्ट मार्ग में पीडब्लूडी द्वारा बनाई गई छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर आधारित मूर्तियों को छात्रों ने सर्वप्रथम चिन्हित किया। इसे छात्रों द्वारा संज्ञान लेते हुए इस जोन को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कार्य योजना बनाई गई। लंबे समय से देख-रेख के अभाव में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण जीवन को प्रतिबिंबित करने वाले मूर्तियों के आस पास कांटेदार झाड़ियां आदि उग गई थी। हेमप्रकाश वर्मा, विक्रम चंद्रवंशी, निखिल तिवारी, गूंजा, मधु, भारती, शांता, शंकर वर्मा, संजय गिलहरे, नितिन कौमार्य, आंचल जायसवाल, निशा वर्मा, सौरभ देवांगन आदि सैकड़ों छात्र इसमें शामिल हुए। विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता और वृक्षारोपण के नारे भी लगाए गए।

**सिटी लाइव**

## जुटे विशेषज्ञ चिकित्सक रोगों का बताया समाधान



**रायपुर।** पाञ्चजन्य संतति विकास सेवा समिति, कुनकुरी सेवा सदन, भारत विकास परिषद एवं संकल्प शाखा रायपुर के तत्वाधान में 'कूल होम' मोवा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जैन संत भूपेश मुनि द्वारा दीप मंत्र के साथ मांगलिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिविर में नाक, कान, गला, हड्डी, मधुमेह, बीपी, फिजियोथैरेपी, दंत रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग आदि बीमारियों से इलाज का लोगों ने लाभ प्राप्त हुआ।

### 138 का उपचार व निशुल्क औषधि वितरण

इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ.ओमकार खंडेलवाल, नाक, कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ.स्मिता सिंह, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.पीयू प्रकाश सक्सेना, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.शैलेंद्र उपाध्याय, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.लक्ष्मी पंजवानी, एक्यूपंचर विशेषज्ञ डॉ. दिनेश जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. के.रवि राव, मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रकाश सिंह सहित डॉ.शिव साहू, डॉ.राजपाल सिंह व डॉ. संगीता कश्यप ने योगदान दिया। पाञ्चजन्य संतति विकास सेवा समिति के अध्यक्ष रविश गुप्ता, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल सहित अन्य संस्था सदस्य इसमें शामिल हुए। इस शिविर में 138 से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार कर उन्हें औषधि वितरण किया गया।

**समाज इवेंट**

## मानव सेवा सर्वोपरि, इससे जुड़े कार्य हो समाज की प्राथमिकता



**रायपुर।** तेरापंथ युवक परिषद द्वारा सत्र 2024-25 के लिए अध्यक्ष का चयन किया गया। इस दौरान राजधानी परिषद में शामिल 330 लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रत्याशी वीरेंद्र डागा अध्यक्ष के रुप से निर्वाचित हुए। स्थानीय तेरापंथ अमोलक भवन में आयोजित साधारण सभा में पूर्ववर्ती टीम द्वारा सत्र 2023-24 का सिंहावलोकन उपस्थित सदस्यों के मध्य प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात चुनाव अधिकारी सुरेंद्र चौरड़िया द्वारा सदन को चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर क्रमबद्ध जानकारी दी गई।

### सेवा, संस्कार व संगठन की दिशा में करेंगे कार्य

निर्वाचित सदस्यों ने बताया, संपूर्ण देश में जैन तेरापंथ धर्म संघ के युवा संगठन द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में देश के विभिन्न शहरों में लगभग 358 शाखा संचालित हो रही है, जिसमें लगभग 30 हजार की संख्या में लोग शामिल है। इस दौरान आचार्य महाश्रमण के दिशा-निर्देश में अपने त्रि-आयाम 'सेवा-संस्कार-संगठन' के नियमों अनुसार कार्य किया जाता है। इस माध्यम से संघ व मानव सेवा विशेष रूप से नेत्रदान, रक्तदान, डायग्नोस्टिक सेंटर और डेंटल केयर की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**छोटे बच्चों का रमा रहे पढ़ाई में मन, इसलिए पालक भी खरीद रहे फैंसी आयटम**

# कलम भी हुई अब डिजाइनर, कंपास बॉक्स लेदर के रबर-कटर को दिया गया कार्टून कैरेक्टर का स्वरूप

स्कूल खुलने की तिथि भले ही आगे बढ़ा दी गई हो, लेकिन स्टेशनरी दुकानों में पालकों और बच्चों की भीड़ अभी से देखी जा रही है। स्कूल खुलने से पहले से बच्चों सहित पालक सभी तरह की तैयारियां कर रहे हैं। स्टेशनरी मार्केट में कई वैरायटी की पेन-पेंसिल सहित अन्य चीजें आई हुई हैं। बाजार का फोकस इस बार भी छोटे बच्चों पर ही है। प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को ध्यान में रखते हुए कार्टून कैरेक्टर बेस्ड प्रोडक्ट मार्केट में उतारे गए हैं।

**रायपुर।** बाजार में चाइना की स्टेशनरी धूम मचा रही है। इसमें पेंसिल, पेस और खिलौने की तरह दिखने वाले कटर कई रेंज में मिल रहे हैं। स्टेशनरी वाले भी अच्छी ग्राहकी मिलने से लोगों के लिए इसे उपलब्ध करा रहे हैं। डिजाइन की गई चाइना स्टेशनरी को अभिभावक भी खरीद रहे हैं, क्योंकि उन्हें कम दाम में बच्चों के लिए बेहतर सामग्री मिल रही है। नर्सरी तथा पहली-दूसरी क्लास में प्रवेश लेने वाले बच्चों को लुभाने वाली सामग्री दुकानों में सजाई गई है। स्टेशनरी के कारोबार से जुड़े व्यवसायियों ने सत्र प्रारंभ होने के माहभर पूर्व ही इसके लिए तैयारी आरंभ कर दी थी। इस बार बच्चों को अक्षर ज्ञान और अभ्यास कराने के लिए मैजिक प्रैक्टिस बुक के सेट 200 रुपए तक मिल रहे हैं। इसी तरह की कई अन्य चीजें हैं, जिसकी बिक्री सेट में की जा रही है।



### रंग भरते हुए अक्षर ज्ञान

गोलबाजार में स्टेशनरी व बुक बेचने वाले परवेज सकील्लुद्दीन व विवेक अग्रवाल ने बताया, बच्चों को आकर्षित करने वाली सामग्री को उनके माता-पिता इसलिए भी खरीद रहे है, ताकि पढ़ाई में उनके बच्चे का मन लगे। मैजिक प्रैक्टिस बुक पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए लोग ज्यादा खरीद रहे हैं। इसे बच्चों के माता-पिता छोटी कक्षा में पढ़ने वाले बेटे-बेटियों के लिए खरीद रहे हैं। इसमें अलग-अलग ड्राइंग के माध्यम से भी बच्चों को कलर भरते हुए अक्षर ज्ञान कराने के लिए पेंसिल भी दिया जाता है।





### बड़ी कक्षाओं के लिए अलग तरह की सामग्री

ना सिर्फ स्टेशनरी बल्कि इसे रखने के लिए कंपास बॉक्स, पॉउच जैसी चीजें भी कई वैरायटी में आई हुई हैं। ना सिर्फ छोटे बच्चे बल्कि बड़ी कक्षाओं के छात्रों के लिए भी रंग-बिरंगी पैटर्न और कई तरह की आकृतियों में ये आई हुई हैं। इसमें पेंसिल बॉक्स की कई रेंज दुकान के बाहर सजाए गई हैं। इनमें कपड़े व लेदर व फोम का उपयोग करके बनाया गया बॉक्स बच्चों को बहुत पसंद आ रहा है। 50 से 250 की रेंज में कार्टून कैरेक्टर थीम पर इसे तैयार किया गया है। दुकानदारों का कहना है कि लेदर बॉक्स लोग इसलिए भी खरीदना पसंद कर रहे हैं, क्योंकि इसमें टूट-फूट की स्थिति कम निर्मित होती है। बच्चे गिरा भी देंगे तो नुकसान नहीं होगा।

### थ्री-इन-वन पेंसिल

दुकान कर्मी आने वाले लोगों की चाइना मार्केट की सामग्री दिखा रहे हैं। कम रेंज में बेहतर क्वालिटी मिलने से बच्चे इसे खरीद रहे हैं। छोटे बच्चों के लिए थ्री-इन-वन पेंसिल मार्केट में है। इसमें पेंसिल के साथ ही कटर और रबर भी अटैच होता है। छोटे बच्चे, जो अपनी वस्तुओं का ध्यान नहीं रख पाते हैं, उनके लिए खास तौर पर ये प्रयोग किए गए हैं। पेंसिल के ऊपरी हिस्से में इन्हें खास तौर से सेट किया गया है, ताकि पढ़ाई के दौरान बच्चों को परेशानी ना हो। एक ही पेन में कई रंग की स्याही वाली कलम भी बच्चों को भा रही है।

## नेत्रदान के लिए महिलाओं का अभियान गांव से लेकर शहर तक करेंगे जागरूक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत स्वास्थ्य व संजीवन सिद्धा समिति द्वारा नेत्रदान महादान अभियान शुरू किया गया है। कार्यक्रम के तहत समाज से जुड़े विभिन्न वर्ग द्वारा नेत्रदान के फॉर्म भरे गए, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी ने पहला फार्म भरा। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद भी मानव का शरीर उपयोगी होता है। अगर समाज में बदलाव लाना है, तो पहले खुद से बदलाव जरूरी है। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ें ताकि जरूरतमंद लोगों को नया जीवन और आंखों में रोशनी मिल सके। शहर से लेकर गांव तक इस अभियान को चलाया जाएगा। लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। समाज के कई लोग इस तरह का दान करना चाहते हैं, लेकिन जानकारी नहीं होने से सामने नहीं आते हैं।

### लोगों से भरवाए गए नेत्रदान के फॉर्म

*संगठन ने कहा, कई लोग करना चाहते हैं नेत्रदान, लेकिन जानकारी के अभाव में पूरी नहीं हो पाती इच्छा*




### 25 वर्ष पूर्ण करने वाले दंपत्ति पुरस्कृत



प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया की कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ माहेश्वरी सभा के महामंत्री नंदकिशोर राठी,भावी पीढ़ी निर्माण समिति के प्रमुख, अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन)मुकेश राठी,नारायण राठी, धमतरी जिला अध्यक्ष किशन सारडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महेश वंदना के साथ की गई। इसके बाद सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें चार पीढ़ी को एक साथ संजोकर रखने के लिए विजय लक्ष्मी मंत्री के परिवार का सम्मान किया गया। वहीं दांपत्य जीवन के 25 वर्ष पूर्ण करने वाले युगल दंपत्ति का भी सम्मान किया गया। विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को प्रमाण पत्र, मेडल व पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया।

## बच्चों के साथ कम्यूनिकेशन गेप कम करें अभिभावक, खेलों से मिलेगी मदद

**रायपुर।** जेसीआई रायपुर यूथ कैपिटल द्वारा फादर्स डे मनाया गया। जिसमें यूथ मेंबर और उनके 15 पैरेंट्स उपस्थित रहे। यूथ टीम ने फादर्स के साथ मिलकर बहुत ही सुंदर तरीके से फादर्स डे सेलिब्रेट किया। पालकों का स्वागत तिलक कर पेन देकर किया गया। प्रोग्राम में सभी पैरेंट्स ने एक-दूसरे को जाना-समझा। पैरेंट्स और बच्चों में जो दूरियां बढ़ती जा रही है, उसे गेम के माध्यम से एक-दूसरे को समझाने की पूरी कोशिश की। गौरव कोचर, शुभम बरडिया, राशि कौर, आदित्य पारख सहित अन्य मेंबर्स शामिल रहे। अध्यक्ष जेसी आदित्य परख ने बताया, यह कार्यक्रम करने के पीछे टीम का यह मकसद रहा कि पिता को जो ग्रैटिट्यूड मिलना चाहिए वो कुछ नए तरीके से उनके बच्चों द्वारा दिया जा सके।



फादर्स के लिए बहुत सारी एक्टिविटी एवं खेल रखे गए। जिसमें 'टैगलाइन का अनुमान लगाएं और वस्तु को पकड़ें' जैसी प्रतियोगिता शामिल रही। इस गेम के विनर सतीश अग्रवाल रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (नो योर फादर) में प्रथम शुभम एवं रवि बरड़िया रहे। 'पहचान कौन?' के विजेता पारस एवं महेश अग्रवाल रहे। सभी पैरेंट्स ने बहुत सारे प्राइज जीते। गेम के दौरान अपने पुराने दिनों को याद भी किया। इस तरह फादर्स ने अपने समय के गीतों को गाकर भी एंजॉय किया। तत्पश्चात सभी के साथ मिलकर फादर्स डे स्पेशल केक सेरिमनी की गई। पैरेंट्स ने कहा, इस तरह के आयोजनों से न्यू जनरेशन के बच्चो के साथ पैरेंट्स का जो कम्यूनिकेशन गेप आ रहा उसे कुछ हद तक कम करने में मदद मिलती है।

**जेसीआई कैपिटल का फादर्स डे सेलिब्रेशन पुराने गीतों के जरिए ताजा की यादें**

**टूरी हटरी व सदर बाजार में जगन्नाथ का रथ सजा, प्राचीन मंदिरों में 22 जून से शुरू होंगे विधान**

# 108 घड़ा जल से स्नान के बाद 22 को बीमार पड़ेंगे जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा से शुरू होगी मंदिरों में सज्जा और रंगाई-पुताई

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इस बार भी शहर के प्राचीन मंदिरों में पूरी की तर्ज पर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियों का दौर चल रहा है। इस साल भी टूरी हटरी व सदर बाजार स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर में भगवान के रथ की साज-सज्जा को कारीगरों द्वारा पूरा किया गया है। वहीं गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर की साफ-सफाई व रंगाई-पुताई का दौर अंतिम क्रम में है। 22 जून तक इसे पूरा करने के लिए मंदिर ट्रस्ट ने रंगाई-पुताई की जिम्मेदारी निभाने वालों को पूरा करने के लिए कहा है। इस तरह की पहल शहर के छोटे मंदिरों में भी की जा रही है। इस तरह की व्यवस्था किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए लोग पहले शुरू करते हैं। इस बार जगन्नाथ रथ यात्रा 7 जुलाई को निकाली जाएगी।





### कारीगरों ने पूर्ण किए कार्य

*पुरानी बस्ती के टूरी हटरी में स्थित प्राचीन जगन्नाथ मंदिर से निकलने वाली यात्रा के लिए भगवान के रथ का साज-सज्जा कारीगरों ने पूरा कर लिया है। पूजारी तिलक दास ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को होगी। इस दिन भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन अलग-अलग रथों पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलते हैं। इस बार भक्तों को यह अवसर 7 जुलाई को मिलने वाली है। इसके बाद वे अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं। इस बार मंदिर की रंगाई-पोताई स्नान पूर्णिमा से शुरू होगी।*

### साज-सज्जा के लिए आमंत्रित किए गए कारीगर

गायत्री नगर में जगन्नाथ मंदिर की रंगाई-पोताई का काम लगभग पूरा हो चुका है। बचे हुए काम को भी कर्मचारियों को 22 जून से पहले करने के लिए कहा गया है। मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष पुरन्दर मिश्रा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलभद्र के रथा का साज-सज्जा जल्द शुरू होगा। इसके लिए कारीगरों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही स्नान पूर्णिमा को भगवान को 108 घड़ा जल से स्नान कराया जाएगा, इसके बाद वे बीमार होते हैं। सदर बाजार मंदिर के पंडित मोहित पुजारी ने बताया कि सारी तैयारी हो चुकी है। अब सिर्फ नियम व रस्मों का निभाया जाएगा।



सिटी स्पोर्ट्स

## टेबल टेनिस में विशाल, सुरभि और कवीश बने विजेता



**रायपुर।** टेबल टेनिस संघ जिला द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल बुढ़ापारा रायपुर में आयोजित स्व. ज्ञानचंद लुनिया स्मृति- तृतीय रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन हुआ। संघ के सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विशाल डेकाटे, सीनियर महिला एकल वर्ग में सुरभि मोदी, सब जूनियर अंडर-15 बालक एकल वर्ग में कवीश काला तथा सब जूनियर (अंडर-15) बालिका एकल वर्ग में समाया पांडे विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के कोषाध्यक्ष शिशिर गुप्ता ने किया। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े व मुख्य निर्णायक पीएन मजूमदार उपस्थित थे।


## कायस्थ प्रीमियर लीग में रायपुर का कब्जा, 8 रनों से जीता मैच



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रात्रिकालीन कायस्थ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के रोमांचक फाइनल मैच में टाइटन इलेवन रायपुर ने सीएसके बेमेतरा को 8 रनों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले खेलते हुए टाइटन ने अभिजीत की 14 गेंदों पर 34 रन के साथ 114 रन बनाए।

रनों का पीछा करते हुए बेमेतरा की टीम ने 106 रन बनाए। टाइटन टीम के प्रवेश ने 3 विकेट लिए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज टिम्बरलैंड टीम के संकल्प श्रीवास्तव को दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद एवं पुरंदर मिश्रा विधायक रायपुर उत्तर क्षेत्र ने पारितोषिक वितरण कर खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाया। अंत में आयोजक राहुल श्रीवास्तव व अतुल श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया। बड़ी संख्या में कायस्थजनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया महिलाओं एवं बच्चों की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन जीत लिया।

## बीच की उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहनने के ये हैं कारण...



सोना एक खास धातु है जिसे कई लोग शुभ और फायदेमंद मानते हैं। कुछ लोगों का ये भी कहना है कि सोना सूर्य का धातु है और ये हमें ताकत देता है। मान्यताओं के अनुसार सोने की अंगूठी पहनने से सेहत और भाग्य दोनों ही अच्छा रहता है। मगर अक्सर आपने सुना होगा कि मध्यमा उंगली यानी बीच वाली उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। वैसे तो आमतौर पर लोग अनामिका उंगली में अंगूठी पहनना पसंद करते हैं, लेकिन कुछ लोग मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनना चाहते हैं। मगर ज्योतिष शास्त्र में इसे गलत माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में ये भी बताया गया है कि मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी से अशुभ फल मिल सकते हैं। इसलिए आइए इस लेख में विस्तार से जानते हैं कि आखिर क्यों मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए।

### क्यों नहीं पहननी चाहिए सोने की अंगूठी मध्यमा उंगली में?

ज्योतिष के अनुसार, सोना सूर्य ग्रह का कारक माना जाता है और वहीं मध्यमा उंगली शनि ग्रह से जुड़ी हुई है। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य और शनि को एक-दूसरे का शत्रु माना जाता है। इसलिए, मध्यमा उंगली में सोने की अंगूठी पहनने से अशुभ फल मिल सकते हैं। यही कारण है कि बड़े-बड़े ज्योतिष भी मध्यमा उंगली में अंगूठी पहने से मना करते हैं।

### त्वचा और बालों को दे नई जान, आप भी करें ट्राय

# गर्मियों में कुछ ही दिन मिलता है ये फल, कब्ज-ब्लड प्रेशर दूर भगाए

*चिलचिलाती धूप और गर्मी में गले को तरावट चाहिए होती है। मन कुछ रसीला खाना पीना चाहता है। गर्मी में ऐसे ही फलों की बाजार में भरमार रहती है जो खाने में ज्यूसी और ठंडे होते हैं। लेकिन कुछ फल स्वाद और तरावट के साथ-साथ शरीर को ज़बरदस्त मजबूती भी देते हैं। गर्मियों में हमें ऐसे फल काफी मात्रा में खाने जो रस से भरपूर हैं। ये हमारे शरीर के लिए काफी अच्छे और फायदेमंद होते हैं। गर्मी आते ही हम में से कई लोग उन फलों के लिए तरसने लगते हैं जो कुछ ही दिन के लिए बाजार में आते हैं। ऐसा ही एक फल है जो सिर्फ गर्मियों में 10-15 दिन ही बाजार में देखने मिलता है।*



### 10-15 दिन की बहार, फिर सालभर इंतजार

लीची का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। बेहद रसीला और ताजगी से भरपूर ये फल गर्मी में नयी स्फूर्ति देता है। ये फल न सिर्फ स्वादिष्ट होता है। बल्कि, कई पोषक तत्वों से भरपूर भी होता है। लीची का स्वाद काफ़ी मीठा होता है। इसलिए इसका इस्तेमाल आइसक्रीम, जूस सहित कई चीजों में किया जाता है। गर्मियों में लीची खाने से स्वास्थ्य को कई फायदे मिलते हैं।

### गर्मी में जरूर खाएं ये फल

आयुर्वेदिक डॉक्टर चंद्रप्रकाश दीक्षित ने बताया मौसम के हिसाब से मिलने वाले फल कहीं ना कहीं शरीर के लिए काफी अच्छे एवं लाभकारी होते हैं। यह मौसमी फल शरीर को फायदा पहुंचाते हैं। हालांकि, ये मुश्किल से 10-15 दिन या बहुत ज्यादा हुआ तो महीने भर मिलता है। लीची पोटेशियम, एंटी ऑक्सीडेंट, इम्यूनिटीबूस्टर, एंटी ऑक्सीडेंट और विटामिन E से भरपूर होती है।



### पोषक तत्व से भरपूर

आयुर्वेदिक डॉक्टर बताते हैं यह फल डाइजेशन ठीक करता है। ब्लड प्रेशर कम करने में मदद करता हैं। इम्युनिटी बूस्ट करता है। स्किन और बालों के लिए काफ़ी अच्छा होता है। हड्डियों को मजबूत एवं हृदय को ठीक रखता है। सबसे बड़ी बात ये कि ये गर्मियों में शरीर को ठंडा रखता है और लू से बचाता है। इसीलिए हमें गर्मियों में विशेषकर इस फल का उपयोग जरूर करना चाहिए। हमें इसका सेवन गर्मियों में अधिक मात्रा में करना चाहिए।

## शनिदेव क्यों इन राशियों पर हमेशा रखते हैं अपनी कृपा

वैदिक ज्योतिष में शनि को सबसे धीमी गति से चलने वाला और पापी ग्रह माना गया है। शनि एक राशि में करीब ढाई वर्षों तक रहते हैं फिर इसके बाद दूसरी राशि में गोचर करते हैं। इस कारण शनि का प्रभाव जातकों के जीवन पर लंबे समय तक रहता है। शनिदेव व्यक्ति को कर्मों के आधार पर फल देते हैं। शनिदेव को न्यायाधीश भी कहा गया है। शनिदेव व्यक्ति को अच्छे कर्म करने पर अच्छा फल और बुरे कर्म करने पर बुरा फल देते हैं। शनि की अशुभ छाया पड़ने पर व्यक्ति के जीवन में साढ़ेसाती, ढैय्या और महादशा का प्रकोप रहता है। किसी व्यक्ति के जीवन में कम से कम एक बार शनि के प्रकोप को का सामना करना पड़ता है। शनिदेव अच्छे कर्म करने पर प्रसन्न और बुरे कर्म करने पर जल्द ही क्रोधित हो जाते हैं। जिन जातकों पर शनि का प्रकोप रहता है उनके जीवन में हर एक तरह की परेशानियां आती हैं। शनि साढ़ेसाती होने पर व्यक्ति तरह-तरह की परेशानियों से जूझता रहता है।



**तुला राशि :** शनिदेव तुला राशि में उच्च के होते हैं यानी तुला राशि में अपना सबसे ज्यादा शुभ प्रभाव रखते हैं। इस तरह से शनि की दशा और साढ़ेसाती चलने पर तुला राशि के ऊपर शनि का प्रकोप ज्यादा नहीं होता है। तुला राशि के जातकों पर शनि अधिक कष्ट नहीं देते हैं।

**वृषभ राशि :** शनिदेव वृषभ के जातकों पर हमेशा अपनी शुभता प्रदान करते हैं। इस राशि के स्वामी भी शुक्रदेव होते हैं और इनकी शुक्रदेव के साथ मित्रता होती है। शनिदेव इस राशि के जातकों पर आगे बढ़ने के लिए हर तरह का रास्ता बनाते हैं।

**मकर राशि :** मकर राशि शनिदेव की प्रिय राशियों में से एक है। इस राशि के स्वामी स्वयं शनिदेव हैं। मकर राशि पर शनि की साढ़ेसाती होने पर शनिदेव ज्यादा कष्ट नहीं देते हैं।

### कुंभ राशि

शनिदेव को दो राशियों का स्वामित्व प्राप्त है। जिसमें कुंभ राशि भी आती है। शनिदेव की यह मूल त्रिकोण की भी राशि है। इस राशि के जातकों पर शनिदेव हमेशा की कृपा बरसाते हैं। कुंभ राशि पर शनि की सादेसाती, ढैय्या या फिर महादशा चलने पर उन पर ज्यादा अशुभ प्रभाव नहीं रखते हैं। शनिदेव इन राशियों के ऊपर कृपा रखने के कारण इनके जीवन में कभी धन की कोई कमी महसूस नहीं होने देते हैं। इन्हें अपने जीवनकाल में कई तरह की उपलब्धियां प्राप्ति होती हैं।

## सिंधी काउंसिल और यूनियन क्लब के समर कैंप का समापन




**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं यूनियन क्लब मोती बाग चौक रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 1 मई से 15 जून तक मेगा समर कैंप का आयोजन किया गया। इसका आज समापन हुआ। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने बताया समर कैंप में खिलाड़ियों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवम प्रतिभा निखारने का मौका मिला 16 जून को समापन किया गया। इस अवसर पर शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल एवम खेल मंत्री टंक राम वर्मा साथ में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व सांसद सुनील सोनी,पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, श्रीचंद सुंदरानी उपस्थित थे समापन समारोह में सभी विजेता खिलाड़ियों को मेमोन्टो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया समर कैंप में स्विमिंग,टेबल टेनिस, बैडमिंटन, लॉन्ग टेनिस के खेलो की ट्रेनिंग दी गई। बड़ी संख्या में बच्चो ने इस कैंप में भाग लिया खेल मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहाआज खुशी का अवसर है बच्चे समर कैंप में बहुत कुछ सीख कर जा रहे है में समर कैंप के उद्घाटन में भी आया था और आज समापन में भी आने का अवसर मिला शदाणी दरबार तीर्थ के संत युधिष्ठिर लाल ने कहा बच्चे इस समर कैंप में सीख लेकर खेल के प्रति रुचि बढ़ाए और आगे अपनी भूमिका खेल में तलाश करे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने कहा हमारे जमाने में खेल के प्रति इतनी जागरूकता नहीं थी, लेकिन आज के युग में खिलाड़ी को विश्व में सम्मान मिलने लगा है सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा आज बहुत खुशी का अवसर है। इस समर कैंप में लगभग पांच सौ बच्चे ने भाग लिए और सब बहुत अच्छे से ट्रेनिंग लिए में आभारी हु इस कैंप के सभी कोच का जिनके द्वारा बच्चो को सिखाया गया यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा ने कहा यूनियन क्लब में वर्ल्ड क्लास टेनिस ग्राउंड है और बैडमिंटन ग्राउंड इधर टूर्नामेंट लगातार होते रहते है हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा आने वाले समय में और बच्चे हिस्सा ले इसके लिए हम सबको प्रोत्साहित करते रहेंगे आज के आयोजन में संत युधिष्ठिर लाल,मंत्री टंक राम वर्मा,पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, पूर्व सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, कुलदीप जुनेजा, सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण होरा, गिरीश अग्रवाल,अमर गिदवानी, चंदन जैसिंघ,तेजकुमार बजाज, दर्शन निहाल, कमल विधवानी,महेश खिलनानी एवम अन्य उपस्थित थे।



## घर में है सीढ़ी? तो करें ये 5 एक्सरसाइज, हफ्तेभर में पिघलाएगी जिद्दी चर्बी

सीढ़ियां चढ़ना-उतरना ही अपने आप में एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। यह आपको एक्टिव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगर आप भी अपनी रोजाना कैलोरी बर्न के लिए कोई एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो घर में मौजूद सीढ़ियों पर ही वर्कआउट कर सकते हैं। यह बेहद आसान है, जिसे आप बिना जिम जाए भी कर सकते हैं। सीढ़ियां चढ़ना-उतरना ही अपने आप में एक बेहतरीन एक्सरसाइज है। यह आपको एक्टिव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अगर आप भी अपनी रोजाना कैलोरी बर्न के लिए कोई एक्सरसाइज नहीं कर पा रहे हैं तो घर में मौजूद सीढ़ियों पर ही वर्कआउट कर सकते हैं। यह बेहद आसान है, जिसे आप बिना जिम जाए भी कर सकते हैं।

**सीढ़ियों पर जॉगिंग:** अगर आप सीढ़ियां चढ़ते हैं तो रेगुलर 30 मिनट के लिए जॉगिंग को अपने रूटीन में शामिल कर सकते हैं। यह जॉगिंग आपके जिम के ट्रेडमिल वर्कआउट के बराबर होगी। यह एक्सरसाइज आपके फैट को तेजी से बर्न करेगी।

**सीढ़ियों पर करें जंप:** अपने फैट को बर्न करने के लिए आप सीढ़ियों पर जंप कर सकते हैं। आप सीढ़ी के एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक पर जंप कर सकते हैं। नीचे के ब्लॉक से ऊपर के ब्लॉक की ओर लगातार ऐसा करें। करीब 15 मिनट तक ऐसा करने से आपको खूब पसीना आएगा। इससे आपकी मांसपेशियां भी मजबूत होंगी।

**सीढ़ियों पर करें स्क्वॉट जंप:** आप हिप्स को टोन करने के लिए सीढ़ियों पर स्क्वॉट जंप भी कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपने घुटने मोड़ने होंगे। हिप्स को पीछे निकालना होगा और कंधे को टाइट रखना होगा।

**सीढ़ियों पर लंजेज:** एक नॉर्मल लंजेज की तरह आप



इसको सीढियों पर कर सकते हैं। इसके लिए आपको अपने बाएं पैर को सीढ़ियों पर रखकर घुटनों को मोड़ना होगा। बॉडी को नीचे करते हुए सांस लें और वापस खड़े होने की स्थिति में आकर दूसरे पैर के साथ भी ऐसा ही करें।

**सीढ़ियों पर करें पुश-अप:** आप सीढ़ियों पर पुश-अप भी कर सकते हैं। इसमें बॉडी का पूरा भार हथेलियों पर देते हुए बॉडी को ऊपर उठाएं फिर वापस नीचे लाएं। नीचे जाते हुए सांस लें और अपनी बाहों को सीधा करते हुए सांस छोड़ें और वापस उसी पोजीशन में वापस आ जाएं। ध्यान रहे कि आप अपनी गर्दन और पीठ पर बहुत अधिक प्रेशर न डालें।

कार्नर न्यूज

### प्रेगनेंसी में योग करने से स्वस्थ और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है

# गर्भावस्था के दौरान करें ये तीन योगासन मां-बच्चा दोनों होंगे स्वस्थ, समस्याएं होंगी दूर

प्रेगनेंसी के दौरान योग करना बहुत लाभदायक माना जाता है। योग से शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्ति तो मिलती ही है। इसके साथ ही मां और शिशु के लिए शांति और स्थिरता भी बनी रहती है। सही तरीके से योग अभ्यास करने से गर्भावस्था की समस्याएं कम होती हैं। प्रेग्नेंसी में योग करने से स्वस्थ और सकारात्मक रहने में मदद मिलती है, इसके साथ ही प्रेग्नेंसी के दिनों में होने वाली शारीरिक कठिनाइयां जैसे पीठ दर्द, थकान और मानसिक चिंताओं को कम किया जा सकता है।



### प्री और पोस्ट प्रेगनेंसी योग में अंतर

ट्रेनर नेहा ठाकुर ने बताया कि योग केवल प्रेगनेंसी के 9 महीनों में ही नहीं बल्कि उससे पहले और उन 9 महीनों के बाद तक किया जाता है, जिसे प्रीनाटल योग और पोस्टनटाल योग कहा जाता है। गर्भावस्था के दौरान अन्य व्यायामों की तुलना में योग संवेदनशीलता को बढ़ावा देता है और मां को डिलीवरी के दौरान धैर्य और स्थायित्व प्रदान करता है। वहीं गर्भावस्था के दिनों में ये तीन योगासन काफी असरदार साबित होते हैं।

### तितली आसन

प्रेग्नेंसी के दिनों में इस अभ्यास से बच्चे को पोषण देने के लिए गर्भाशय में रक्त की आपूर्ति में मदद करता है। इस योगासन को करने के लिए बिस्तर पर सीधा बैठकर दोनों पैरों के घुटनों को अंदर की तरह मोड़ें। अब पैरों के दोनों तलों को आपस में जोड़ें और दोनों हाथों से पैरों को पकड़ लें। अब अपनी जांघों को हिलाएं. इसे ही बटरफ्लाई पोज कहा जाता है।



### त्रिकोणासन

इस योगासन के अभ्यास से गर्भाशय में रक्त की आपूर्ति होती है और डिलीवरी के समय दिक्कत नहीं होती. इस योगाभ्यास को करने के लिए पहले सीधे खड़े हो जाएं, फिर पैरों के बीच थोड़ी दूरी बना लें और गहरी सांस लेते हुए अपने शरीर को दाएं ओर को झुकाएं. फिर अपने बाएं हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं और अपनी नजरें ऊपर की ओर रखें।

### मलासन

इस योगाभ्यास को करने के लिए पहले सीधे खड़े हो जाएं और फिर अपने दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। उसके बाद अपने हाथों को जोड़ लें और धीरे से नीचे बैठें. सांस को बाहर छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। अपनी दोनों कोहनियों को अपने जांघों के बीच करीब 90 डिग्री के एंगल पर ले जाएं। कुछ मिनट इस पोजीशन में रहने के बाद वापस अपनी अवस्था में आ जाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तलाक की अटकलों के बीच जेनिफर लोपेज ने साझा किया भावुक संदेश

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री जेनिफर लोपेज ने तलाक की अफवाहों के बीच अपने पति के लिए भावुक करने वाला संदेश साझा किया है।



उनके इस संदेश ने तलाक की अटकलों पर विराम लगा दिया है। हॉलीवुड अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक कथित तौर पर अपनी शादीशुदा जिंदगी में चुनौतियों से गुजर रहे हैं। इस बीच अभिनेत्री ने एक प्यारा सा पल साझा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तलाक की अफवाहों के बीच, लोपेज ने अपने पति के लिए एक दिल को छू लेने वाला संदेश साझा किया है। इस संदेश के साथ ही सभी अटकलों को भी उन्होंने शांत कर दिया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अभिनेत्री ने अपने 51 वर्षीय पति की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने भावुक कर देने वाले कुछ शब्द लिखे। उन्होंने अपने पति को हीरो बताया। अभिनेत्री ने लिखा, 'हमारा हीरो, हैप्पी फादर्स डे' उनकी इस स्टोरी से पता चलता है कि दोनों के बीच अभी प्यार है। इस पोस्ट के साथ उनके तलाक की अटकलों पर भी विराम लग गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता बेन की पूर्व पत्नी जेनिफर गार्नर से बेन वायलेट, सेराफिना और सैमुअल नाम के बच्चे हैं। वह जेनिफर के दो बच्चों मैक्स और एम्मे के सौतेले पिता भी हैं।

### टॉलीवुड

## ऐश्वर्या-उमापति के रिसेप्शन में रजनीकांत समेत कई सितारे हुए शामिल

**मुंबई।** साउथ सिनेमा के जाने माने एक्टर अर्जुन सरजा की बेटी ऐश्वर्या और थम्बी रमैया के बेटे उमापति हाल ही में शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की



शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रही हैं। फैंस को दोनों की शादी की तस्वीरें काफी पसंद आ रही हैं। इसी बीच ऐश्वर्या अर्जुन और उमापति रमैया के रिसेप्शन की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। दोनों के रिसेप्शन समारोह में इंडस्ट्री की कई नामी हस्तियां और राजनेता भी शामिल हुए। ऐश्वर्या अर्जुन और उमापति रमैया के शादी के रिसेप्शन में रजनीकांत, प्रभुदेवा, लोकेश कनगराज और जैकी श्रॉफ समेत तमाम सितारे शामिल हुए। इस दौरान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। खबर के मुताबिक दोनों की रिसेप्शन पार्टी 14 जून को हुई थी, जिसकी तस्वीरें अब सामने आई हैं। रिसेप्शन समारोह चेन्नई के एक शानदार होटल लीला पैलेस में हुआ। एक्शन किंग अर्जुन सरजा की बेटी ऐश्वर्या अर्जुन और मशहूर एक्टर-डायरेक्टर थम्बी रामैया के बेटे उमापति रामैया ने 10 जून को एक निजी समारोह में शादी कर ली। शादी समारोह चेन्नई के गेरुगाम्बक्कम में हनुमान मंदिर में दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में हुआ। सामने आई तस्वीरों मे तस्वीरों में रजनीकांत अपनी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत के साथ नजर आ रहे हैं। दोनों ने नवविवाहित जोड़े को अपना प्यार और आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी मौजूद रहे। उनके साथ उनकी पत्नी दुर्गा स्टालिन भी नजर आईं।

### भोजपुरी

## स्टार बनाने से पहले बेचते थे लिट्टी-चोखा आज बॉक्स ऑफिस पर उड़ा रहे हैं गर्दा



**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के एक्टर और एक्ट्रेस की जबरदस्त फैन फॉलोइंग देखने को मिलती है, लेकिन खेसारी लाल यादव के लिए लोगों के बीच में अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है, लेकिन उसके लिए उन्हें अपनी लाइफ में कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। इन दिनों एक्टर अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'रंग दे बसंती' को लेकर जबरदस्त चर्चा में बने हुए हैं। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक ऐसा नाम है, जिसे सुनते ही लोगों को उनकी फिल्मों और गानों के बारे में याद आ जाता है। बता दें कि एक्टर आज जिस मुकाम पर हैं वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने बेहद कठिन सफर तय किया है, जिसके बारे में वह 'द कपिल शर्मा शो' में बता चुके हैं। खेसारी ने खिलासा किया था कि शुरुआत में उन्हें भोजपुरी सिंगर बनने के लिए भी बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वह बिग बॉस में भी नजर आ चुके हैं। एक्टर ने बताया था कि उनके पास एक वक्त जेब में 10 रुपए भी नहीं थे, तब रोजी-रोटी के लिए उन्होंने दिल्ली के ओखला में पत्नी संग मिलकर रेहड़ी पर लिट्टी-चोखा की दुकान लगाई थी। बिहार के छपरा जिले में जन्मे खेसारी लाल यादव ने अपना बचपन गरीबी में बिताया और आज भी जब वो उन दिनों को याद करते हैं तो उनके आंखों में वहीं दर्द भरे आंसू देखने को मिलते हैं। खेसारी लाल यादव का असली नाम शत्रुघ्न कुमार यादव है। भोजपुरी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से लाखों दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री काजल राघवानी के साथ खेसारी का नाम अक्सप जोड़ा जाता है, लेकिन दोनों इस बात को अफवाह बात कर टाल देते हैं। खेसारी लाल यादव आज भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के उन स्टार्स में से एक हैं, जिनकी फिल्में रिलीज होते ही छा जाती है।

## लाइफ स्टाइल


### नेहा मर्दा दे रही हैं फैशन गोल्स

टीवी एक्ट्रेस नेहा मर्दा बेशक लाइमलाइट से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वह खूब छाई रहती हैं। एक्ट्रेस अपने खूबसूरत लुक्स को अक्सर शेयर करती रहती हैं। रियल लाइफ में नेहा स्टाइलिश और फैशनेबल हैं। शॉर्ट हाइट वाली लड़कियां एक्ट्रेस के लुक्स को कैरी कर सकती हैं। अगर आपको यूनिक लुक चाहिए तो नेहा का ये लहंगा लुक भी काफी स्टाइलिश लग रहा है। आप भी इस लुक को रीक्रिएट कर सकती हैं। आप हैवी वर्क स्कर्ट के साथ मैचिंग लाइट वेट ब्लाउज और कंट्रास्ट कलर का हैवी सिल्क दुपट्टा कैरी कर सकती हैं। एक्ट्रेस सेक्विन ग्रीन लहंगे में भी काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनका शिमरी ग्रीन कलर का मैचिंग टॉप और बॉटम काफी ग्लैमरस लग रहा है। आप इस आउटफिट के साथ न्यूड शेड मेकअप लगा सकती है।



## धूप से चेहरे पर आए कालापन को दूर करने लगाएं टमाटर से बने फेस पैक, निखर जाएगी त्वचा

भीषण गर्मी की वजह से कई राज्यों में आसमान से आग बरस रही है। लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हुआ जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी लगातार लोगों तो सचेत रहने की सलाह दे रहा है। इस भीषण गर्मी की वजह से न सिर्फ लोगों की सेहत खराब हो रही है, बल्कि इसका खराब असर लोगों की त्वचा पर भी दिखने लगा है। धूप से लोगों का चेहरा काला पड़ रहा है। इससे बचने के लिए लोग पार्लर जाकर कई प्रकार के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अगर आपका चेहरा भी धूप से काला पड़ रहा है और आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है तो आप घर पर ही टमाटर से इस्तेमाल से चेहरे के कालेपन से छुटकारा पा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको टमाटर की मदद से फेस पैक बनाना सिखाएंगे, ताकि आपका चेहरा भी चमक सके।



### टमाटर, नींबू और चंदन

ये तीनों ही चीजें हर घर में आसानी से मिल जाती हैं। इससे पैक बनाने के लिए एक कटोरी में तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करक पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और कुछ समय के बाद इसे पानी से साफ कर लें।

### टमाटर, दूध और एलोवेरा

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर मैश करके डालें। इसके बाद इसमें दूध और एलोवेरा जेल मिलाएं। 15 मिनट इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर इसका असर देखें।

### टमाटर और एवोकाडो

एवोकाडो भले ही महंगा आता है, लेकिन अगर आप इसका इस्तेमाल स्किन केयर में करेंगे, तो इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसके लिए बस टमाटर और एवोकाडो को मैश करके चेहरे और गर्दन पर लगाएं और इस पैक का असर देखें।

### टमाटर और बेसन

बेसन तो हर रसोई में मिल ही जाता है। ऐसे में सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर को मैश करके लें। अब इस कटोरी में बेसन डालकर इसका पैक तैयार करें। इसे 20 मिनट चेहरे पर लगाने से ही आपकी त्वचा खिल उठेगी।

## गर्मियों में सज गया देहरादून का पलटन बाजार, इन आउटफिट्स की बढ़ी डिमांड




भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग हल्के कपड़ों की इस्तेमाल करते हैं। क्योंकि, टाइट या सिंथेटिक कपड़े या गहरे रंग के कपड़े आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये सूरज की किरणों को ज्यादा अवशोषित करते हैं। और इससे पैदा होने वाली गर्मी स्किन पर घमौरियां, रैशेज जैसे कई परेशानी पैदा करने लगती हैं। इसलिए आमतौर पर गर्मी के मौसम में हल्के रंग के ऑउटफिट सभी की पहली पसंद होती है। इसमें सफेद रंग और हल्के रंग के कपड़े बॉडी को कूल रखने में मददगार होते हैं। साथ ही बॉडी टेंपरेचर को मेंटेन करने में भी मदद करते हैं। ऐसे ही आउटफिट्स पलटन बाजार में आए हैं, जो चिलचिलाती धूप में भी कूलिंग इफेक्ट दे सकते हैं।

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के तहसील चौक पर स्थित कपड़ा व्यापारी सलमान ने कहा कि वैसे तो दिन में गर्मी होने के कारण लोग खरीदारी नहीं कर रहे हैं। लेकिन, शाम के वक्त स्थानीय लोगों के साथ-साथ टूरिस्ट भी कुछ कपड़ों की शॉपिंग करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस समय लोग ढीले ढाले कपड़े, कॉटन शॉर्ट कुर्ती, लॉन्ग शर्ट, लॉन्ग टी शर्ट आदि लेना पसंद कर रहे हैं। बाजार में अब वेस्टर्न में कॉटन टॉप और जॉर्जेट टॉप की काफी डिमांड है।

### पलटन बाजार में लोगों को भा रहे हैं कोट सेट

सलमान बताते हैं कि इस बार कोट सेट लोगों के लिए नया है, जिन्हें काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह दुबई से आए आउटफिट हैं। इसमें गर्मियों में चीज के साथ-साथ लोग फैशनेबल भी नजर आते हैं। ऑफिस और कॉलेज जाने वाली महिलाओं के लिए एक बेहतरीन आउटफिट है। यह क्रई फैब्रिक डिजाइन में उपलब्ध है जिनमें रियोन, कॉटन, स्टेचीबल होजरी, जॉर्जट फेब्रिक है। जबकि यह राजस्थानी और वेस्टर्न डिजाइन में ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इनकी कीमत 700 रुपये से शुरू होती है। उन्होंने कहा कि देहरादून का मौसम ठंडा होने के कारण पर्यटक काफी घूमने के लिए आ रहे हैं। और पलटन बाजार देहरादून का दिल कहा जाता है इसलिए यहां से शॉपिंग भी करके ले जा रहे हैं।

## गर्मियों में गुलाबी-गुलाबी दिखेंगे पैर चप्पलों में भी दिखेंगी स्टाइलिश

अगर आपके पैरों की स्किन ड्राई है, एड़ियां फटी रहती हैं, नाखून गंदे और भद्दे दिख रहे हैं तो ऐसे हालत में अच्छे-अच्छे सैंडल पहनना शर्मिंदगी की वजह बन सकता है। हालांकि, गर्मी के मौसम में सैंडल और चप्पल ही आरामदायक लगते हैं और अधिकतर लोग समर स्लीपर में ही घूमते-फिरते नजर आते हैं। अगर आपके पैरों की स्किन मेंटेन्ड हैं और ये साफ-सुथरे मुलायम दिखते हैं तो ये आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। इसके लिए महिलाएं हर महीने पार्लर जाकर पेडिक्योर कराती हैं। लेकिन अगर आप घर पर रोजाना छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखें और चेहरे के साथ-साथ पैरों को भी मेंटेन रखें तो ये हमेशा गुलाबी और नरम दिखेंगे।



### ड्राई फाइल जरूरी

गर्मी के मौसम में पैरों की देखभाल जरूरी है। इसके लिए अगर आप एड़ियों आदि की डेड स्किन निकालने के लिए ड्राई फाइलर का इस्तेमाल करें तो काम काफी आसान हो जाएगा। नहाने से पहले आप अपनी एडियों और अंगुलियों को अच्छी तरह फाइल ब्रश से रगड़ें. ऐसा करने से डेड स्किन आसानी से हटेंगे और ड्राइनेस दूर रहेगी। रोज स्किन केयर में यह आदत डाल लें।

**नाखूनों को करें ट्रिम :** बड़े और बेडॉल नाखून अच्छे नहीं दिखते हैं। अगर आप अपने नाखूनों को छोटा रखना चाहती हैं तो बेहतर होगा कि आप इन्हें समय समय पर ट्रिम कर शेप में रखें। ऐसा करने से ये क्लीन भी रहेंगे और हाइजीन भी मेंटेन रहेगा।

### सनस्क्रीन जरूरी


जब भी धूप में बाहर जाएं तो पैरों की स्किन पर एसपीएफ क्रीम या लोशन जरूर लगाएं। इस तरह स्किन पर टैनिंग नहीं आएगी और स्किन पर दाग धब्बे नहीं होंगे।

**फुटक्रीम जरूरी :** रात में जब पैर अच्छी तरह साफ हों तो स्किन पर अच्छी तरह फुट क्रीम अप्लाई करें. ऐसा करने से स्किन ड्राई नहीं होती और एड़ियों फटते नहीं हैं।

## इन चीजों से दूर हो सकती है झाइयों की दिक्कत खानपान में शामिल कर सकते हैं ये फूड्स

हाइपरपिग्मेंटेशन या झाइयां और डार्क स्पॉट्स की दिक्कत किसी को भी हो सकती है। स्किन पर मेलानिन का प्रोडक्शन ज्यादा होने पर झाइयां नजर आने लगती हैं। त्वचा का सही तरह से ध्यान ना रखना, धूप की चपेट में आना, खानपान में पोषक तत्वों की कमी, जेनेटिक्स और केमिकल वाले स्किन केयर प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल से भी स्किन पर झाइयां और दाग-धब्बे नजर आने लगते हैं।

डॉ. स्मिता के अनुसार झाइयों और पिग्मेंटेशन को हल्का करने में लिए 3 इंग्रीडिएंट्स प्रभावशाली होते हैं, विटामिन सी, विटामिन और नियासिनमाइड. इन इंग्रीडिएंट्स को ओरल सप्लीमेंट्स की तरह लिया जा सकता है या इनसे भरपूर फूड्स को डाइट का हिस्सा बना सकते हैं।



**विटामिन सी -** यह एक जरूरी एंटी-ऑक्सीडेंट है जो ना सिर्फ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है बल्कि कोलाजन सिंथेसिस में भी महत्वपूर्ण रोल निभाता है। इससे स्किन की कसावट और फर्मनेस बनी रहती है। पिग्मेंटेशन की बात आती है तो विटामिन सी मेलानिन के प्रोडक्शन को कम करने में कारगर होता है जिससे झाइयां और डार्क स्पॉट्स हल्के होने लगते हैं। विटामिन सी पाने के लिए डाइट में संतरे, अमरूद, पपीता और नींबू को शामिल किया जा सकता है।

**विटामिन ई -** एक और फायदेमंद एंटी-ऑक्सीडेंट है विटामिन ई. विटामिन सी के साथ मिलकर विटामिन ई स्किन को फ्री रेडिकल्स से होने वाले ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से दूर रखता है। इससे स्किन हीलिंग प्रोमोट होती है, इंफ्लेमेशन कम होती है और गहरे धब्बे हल्के होने में मदद मिलती है। विटामिन ई विटामिन सी के साथ मिलकर इसके असर को भी बढ़ाता है।

**नियासिनमाइड (विटामिन बी3) -** नियासिनमाइड स्किन के लिए एक नहीं बल्कि कई तरह से फायदेमंद होता है। नियासिनमाइड स स्किन का ऑयल प्रोडक्शन रेग्यूलेट होता है, स्किन बैरियर फंक्शन बेहतर होता है और इंफ्लेमेशन कम होती है। पिग्मेंटेशन या झाइयों की बात आती है तो नियासिनमाइड स्किन में पिग्मेंट के ट्रांसफर को कम करता है जिससे डार्क स्पॉट्स और हाइपरपिग्मेंटेशन कम होती है।

## कार्नर न्यूज

### जान लें साइड इफेक्ट, सप्ताह में कितने अंडे फायदेमंद

## हट्टा-कट्टा बनने के चक्कर में कई-कई अंडे तो नहीं निगल रहे आप?

*अंडा एक ऐसा सुपरफूड है जिसे कंप्लीट फूड भी कहा जाता है। यही वजह है कि हेल्थ केयर एक्सपर्ट भी रोज एक अंडा खाने की हिदायत देते रहते हैं। प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स से भरपूर अंडा हर उम्र के लोगों के लिए अच्छा माना जाता है। लेकिन क्या हो अगर आप वजन बढ़ाने या मसल्स गेन करने के लिए जरूरत से ज्यादा अंडा खाने लगे। अगर आप ऐसा करते हैं तो आपको बता दें कि आप अधिक अंडा खाने की वजह से सेहत से जुड़ी परेशानियों से घिर सकते हैं।*



### कितना अंडा खाना चाहिए

मायोक्लीनिक के मुताबिक, अगर आप हेल्दी हैं तो प्रति सप्ताह 7 अंडे तक खा सकते हैं। कुछ लोग केवल अंडे का सफेद भाग खाना पसंद करते हैं। यह शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ने से बचाता है और प्रोटीन प्रदान करता है। हालांकि अमेरिकन जर्नल ऑफ क्लिनिकल न्यूट्रिशन में 2018 के एक अध्ययन में यह भी पाया गया कि तीन महीने तक प्रति सप्ताह 12 अंडे खाने से प्रीडायबिटीज और टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों में हार्ट से संबंधी खतरे पर कोई असर नहीं पड़ा. यानी अगर सब कुछ ठीक है तो आप दो अंडे भी कभी कभी खा सकते हैं।

### अधिक अंडे खाने के नुकसान

- अधिक अंडा खाने से कोलेस्ट्रॉल की समस्या बढ़ सकती है। अगर कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का डर है तो बेहतर होगा कि आप अंडे के पीले हिस्से को निकाल कर खाएं।
- एक अंडा खाना हार्ट को हेल्दी रखता है, लेकिन अगर आप सुबह 3 से 4 अंडे रोज खाएं तो यह हार्ट के लिए खतरनाक हो सकता है।



- एक शोध में पाया गया है कि जो लोग सप्ताह में 7 से अधिक अंडे का सेवन किए उनमें डायबिटीज टाइप टू का खतरा तेजी से बढ़ा।
- जिनका ब्लड प्रेशर सामान्य नहीं रहता है, उन्हें भी अधिक अंडे खाने से बचना चाहिए। बेहतर होगा कि वे डॉक्टर की सलाह लेने के बाद ही अंडे खाएं।